हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 21 जुलाई 2026

तापमान

अधिकतम 28.4 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री





लगातार बारिश से दर्रीघाट का नाला फूट गया, अब यहां पुल के नीचे लोग मछली पकड़ रहे हैं।

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
21 जुलाई 2026
कूपन नं.
8

# पानी में बह गए सीएमएचओ दफ्तर के दस्तावेज, टीबी की दवा हो गई खराब

## आयुष्मान और नर्सिंग होम एक्ट के कई दस्तावेज खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीते दिनों आई तेज बारिश के बाद सरकंडा क्षेत्र के कई इलाकों में पानी भर गया, सीएमएचओ कार्यालय भी इसका शिकार हुआ, पानी भरने से कार्यालय की हालत खराब हो गई। पानी हटने के बाद सोमवार को कार्यालय खोला गया, जहां दवा के कार्टून पूरी तरह से खराब मिले। वहीं नर्सिंग होम एक्ट, आयुष्मान विंग कमरों में रखे निरीक्षण व शिकायतों के कागज सड़े गले पाए गए।

तेज बारिश के बाद हुए नुकसान का आकंलन धीरे-धीरे किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग में भी बारिश के कारण बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। शनिवार व रविवार को छुट्टी के बाद सीधे सोमवार को नूतन चौक स्थित कार्यालय सीएमएचओ खोला गया। इस दौरान टीबी, नर्सिंग होम, आयुष्मान में कर्मचारियों के बैठने की जगह तक नहीं थी, हर जगह कीचड़ और गीले कागज दिखाई दे रहे थे। कर्मचारियों ने श्रमिकों को बुलाकर कमरों को साफ कराया है। इस दौरान जिन कार्टून में दवा रखी गई थी, वह भी भीग चुका था। कर्मचारियों ने कार्टून से दवा के पैकेट और बैच का मिलान करना शुरू कर दिया है। गंभीर बात यह है कि टीबी के मरीजों को दी जाने वाली जीवनरक्षक दवा को नुकसान हुआ है। वहीं नर्सिंग होम एक्ट के कमरों में रखे गए दस्तावेज पूरी तरह से गल चुके हैं, ऐसे में निजी अस्पतालों का पुनः निरीक्षण कर दस्तावेज का सत्यापन करने की मुसीबत होगी।



### दफ्तर में भर गया था पानी



### कमरों में तीन फीट पानी भरा था

बारिश के बाद कमरों में 3 फीट से अधिक पानी भरा था, सोमवार को कमरों को खोला गया है। स्थिति खराब थी, जिसके चलते श्रमिकों को बुलाकर कार्यालय साफ कराया गया है। कर्मचारियों को दवा को खोलकर देखने और सुरक्षित स्थान पर रखने के लिए कहा गया है। वहीं जिन दवा के पैकेट खराब हो चुके हैं, उसके लिए राज्य नोडल कार्यालय को मांग पत्र दिया जाएगा।

- डॉ शुभा गरेवाल, सीएमएचओ

## खबर संक्षेप

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज

**बिलासपुर।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक21 जुलाई को कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में मंथन सभाकक्ष में होगी। इसमें जल जीवन मिशन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श एवं निर्णय के साथ जल जीवन मिशन के नवीन दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण एवं हस्तांतरित योजनाओं के लंबित भुगतानों के अनुमोदन संबंधी विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही रेट्रोफिटिंग योजनाओं में सीएसआर अथवा 16वें वित्त आयोग की राशि से भुगतान किए जाने संबंधी दिशा-निर्देशों पर भी विचार किया जाएगा। जिले में सीआईआरपी अंतर्गत विभिन्न जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

### स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में रोजगार मेला कल

**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी में 22 जुलाई को सवेरे 11 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में 4 निजी नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जाएगी, जिसमें लाइफ मित्र, फील्ड ऑफिसर, कलेक्शन ऑफिसर, इलेक्ट्रिक मीटर टेक्नीशियन जैसे कुल 495 पद शामिल हैं।रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड तथा शैक्षणिक योग्यता से संबंधित अंकसूची एवं प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं छायाप्रति लानी होगी।

### सिविल लाइन सीएसपी और अजाक डीएसपी का तबादला

**बिलासपुर।** रायपुर मुख्यालय से थोक में एडीशनल एसपी व डीएसपी रेंक के अधिकारियों का तबादला लिस्ट जारी किया गया है। इसमें सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार का जशपुर व अजाक डीएसपी डेरहाराम टण्डन का सक्ति,सुकमा जिला के डीएसपी परमेश्वर तिलकवार को सिविल लाइन सीएसपी व बीजापुर के सुदीप सरकार को अजाक डीएसपी बनाया गया है। इसी तरह कोरिया जिला से एडीशनल एसपी सुरेशा चौबे का बिलासपुर आईजी आफिस, बेमेतरा से डीएसपी कौसल्या साहू का बिलासपुर बालक विरूद्ध अपराध अन्वेशण शाखा, भिलाई से डीएसपी परमानंद ठाकुर का बिलासपुर रेडियो आफिस तबादला किया गया है।

### रायपुर मंडल की मेमू पैसेंजर ट्रेनें कल रद्द

**बिलासपुर।** रायपुर मंडल के भाटापारा-हथबंध स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन सेक्शन में ऑटो सिग्नलिंग करने एनआई का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप 22 जुलाई को कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है । इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के भाटापारा-हथबंध स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन सेक्शन में ऑटो सिग्नलिंग कमीशनिंग करने एनआई का कार्य किया जाएगा । इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

## खाद्य विभाग कोमा में : अफसरों को छोड़कर पूरे शहर को है जानकारी

# 'ठेके' पर चल रहीं राशन दुकानें

शरद पाण्डेय ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

सरकार ने आर्थिक रूप से सुदृढ़ता देने स्व सहायता समूहों को पीडीएस राशन दुकानों के संचालन का जिम्मा सौंपा है। जबकि इसकी आड़ में कुछ ठेकेदार, व्यापारी और चावल माफिया द्वारा समूहों से राशन दुकानों को ठेके पर लेकर चावल की हेराफेरी की जा रही है। इस बात की जानकारी वैसे तो पूरे शहर को है, लेकिन खाद्य विभाग के अधिकारियों का अपने आपको इस मामले में पूरी तरह अनजान बताना कई संदेहों को जन्म दे रहा है।

शहर के भीतर ही डंके की चोट पर व्यापारियों ने राशन दुकान ठेके या किराए पर ले रखी हैं, जिन्हें अपनी मर्जी के हिसाब से चलाया जा रहा है। हितग्राहियों को चावल के बदले जबर्दस्ती खंडा या पैसे उपलब्ध कराकर उसी चावल की बड़े व्यापारियों को सप्लाई की जा रही है। इस तरह की हेराफेरी का पर्दाफाश होने या कोई बड़ी कार्रवाई साबित हो जाने के बाद दुकानों के निलंबन व कार्रवाई का ठीकरा ठेकेदारों पर न फूटकर उन समूहों के ऊपर फूट रहा है, जिनकी इस गड़बड़ी में वैसे तो सीधे कोई संलिप्तता नहीं है, लेकिन बैठे-बैठे किराए की रकम खाने की सजा तो भुगतनी ही पड़ेगी।

### खाद्य विभाग की मेहरबानी से निलंबित दुकानें, 'निलंबित' ही

खाद्य विभाग द्वारा जिन राशन दुकानों को विभिन्न प्रकरणों में दोषी पाए जाने के बाद काफी पहले निलंबित कर दिया गया है, उन दुकानों को चावल माफिया ही चला रहे हैं। इस बात का प्रमाण यह है कि तीन-तीन साल पहले निलंबित की गईं जय मातादी खाद्य सुरक्षा जैसी दुकानें आज तक निलंबित ही चल रही हैं। विभाग द्वारा उन दुकानों को किसी और समूह को आबंटित करने के लिए आज दिनांक तक कोई विज्ञापन जारी नहीं किया गया है।

### क्यों नहीं की जा रही कार्रवाई?




### क्यों छिपाई जा रही पहचान?

मैग्नेटो मॉल के सामने से मरीमाई तालापारा वाले मार्ग पर अंबेडकर प्राथमिक उपभोक्ता भंडार आईडी क्रमांक 401001022 संचालित है। इसी दुकान में जय मातादी खाद्य सुरक्षा पोषण आहार नामक दुकान मर्ज कर दी गई है, जिसका आईडी क्रमांक 401001121 है। ज्ञात हो कि यह दुकान वर्ष 2023 से निलंबित है। सूत्रों के अनुसार इसी छोटी दुकान से ही अन्य कई राशन दुकानों का भी संचालन किया जा रहा है। आईडी क्रमांक 401001133 राजेंद्र नगर, 401001025 तारबाहर की दुकान भी ठेके पर ही चलाई जा रही है।




### कई दुकानें किराए पर लेकर किराए में दे दी गईं

इस पूरे मामले में सबसे शर्मनाक बात यह है कि शहर की कुछ राशन दुकानें ऐसी भी हैं, जिन्हें लोगों ने समूहों पर किराये या ठेके पर ले रखा है, लेकिन किराए पर लेकर वे इसका संचालन नहीं कर रहे हैं, बल्कि उन्होंने भी अपना कमीशन फिक्स करके किसी और को ठेके या किराए पर दे रखा है। तारबाहर की राशन दुकान इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

### ठेकेदार डंके की चोट पर बेच रहा चावल, विभाग लीपापोती में जुटा

राशन दुकानों को ठेके पर लेकर सरकारी चावल की बंदरबांट कर रहा चावल माफिया डंके की चोट पर यह धंधा चला रहा है। उसने तालापारा स्थित दुकान के बोर्ड पर अपना मोबाईल नंबर 9301522622 भी टांग रखा है, जो कि किसी रवि परियानी के नाम पर दर्ज है। इस संबंध में पूछने पर एएफओ राजीव लोचन तिवारी ने रवि परियानी के नाम पर कोई राशन दुकान आबंटित नहीं होने की बात कही, लेकिन उन्होंने रवि परियानी के द्वारा पूर्व में दुकान चलाने की जानकारी दी। उक्त व्यक्ति के द्वारा आज भी कई दुकानों को ठेके पर लेकर दुकान संचालित करने की शिकायत पर श्री तिवारी ने कहा कि हो सकता है समूहों ने उन्हें चलाने के लिए दे दिया होगा। विभाग को रवि परियानी से कोई मतलब नहीं है, क्योंकि विभाग में किसी भी बैठक में संबंधित समूह ही आते हैं, वह व्यक्ति नहीं आता।

### ठेके पर दुकान का संचालन गलत लेकिन ऐसा होने की जानकारी नहीं

राशन दुकान जिस व्यक्ति या समूह को मिला है, उसे ही संचालित करना होगा। यदि किसी कारणवश कोई समूह या व्यक्ति अपनी दुकान का संचालन नहीं करना चाहते तो उन्हें अपनी दुकान विधिवत सरेंडर करनी होगी, ताकि विभाग उस दुकान को किसी और को देने की व्यवस्था बनाएगा। अपनी दुकान संचालन के लिए किसी और को दे देना तो नियम में ही नहीं है। शहर में एक ही व्यक्ति के द्वारा अनेक राशन दुकानों का ठेके पर संचालन करने जैसी कोई जानकारी नहीं है। जानकारी मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

- अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

## चौकीदार की हत्या का मामला

# दूसरा फरार आरोपी पटना से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सम्प्रेक्षण गृह में चौकीदार की हत्या के मामले में फरार दूसरे आरोपी को पुलिस ने बिहार पटना से गिरफ्तार कर लिया है। सम्प्रेक्षण गृह में रहने के दौरान चारों आरोपियों की चौकीदार से अच्छा संबंध हो गया था। भागते समय भरोसा तोड़कर शोर मचाने पर चारों ने उसकी हत्या कर दी थी। इधर 7 दिन से शव मरच्यूरी में रखा हुआ है और परिजन धरना में बैठे हुए हैं।

12 जुलाई की रात संप्रेक्षण गृह के चौकीदार नरेन्द्र कुमार खाण्डे 42 साल की चार नाबालिगों ने टायलेट जाने के बहाने दरवाजा खुलवाकर मारपीट की और हाथ पैर को बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंसने के बाद गला दबाकर हत्या कर दी। उसके बाद चौकीदार का मोबाइल लेकर दीवार फांदकर भाग गए थे। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम बिहार झारखंड, रायगढ़, कोरबा में फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। काफी मशक्कत के बाद 19 जुलाई को पुलिस टीम ने बिहार पटना से दूसरे फरार नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं 16 जुलाई को एक नाबालिग को उत्तर प्रदेश प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया था। हत्याकांड के दो नाबालिग पुलिस पकड़ से बाहर है।



लकड़ी की सीढ़ी से नीचे उतरे, गेट खोला दूसरे चौकीदार की बाइक लेकर हुए फरार

हरिभूमि में 14 जुलाई को प्रकाशित खबर।

### शोर मचाने पर की वारदात

टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, सम्प्रेक्षण गृह में रहने के दौरान चारों आरोपियों की चौकीदार से अच्छा संबंध हो गया था। चारों उस पर भरोसा करते थे। घटना की रात चारों ने चौकीदार के हाथ पैर बांधकर भागने की योजना बनाए थे। हाथ पैर बांधने के दौरान चारों ने चौकीदार के शोर नहीं मचाने की हिदायत दी। भरोसा तोड़कर शोर मचाने पर चारों ने हाथ पैर बाधने के बाद मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। उसके बाद भी वह शांत नहीं हुआ तो पकड़े जाने के भय से चारों ने गला दबाकर चौकीदार की हत्या कर दी थी। इधर पिछले 7 दिन से मृतक चौकीदार का शव सिम्स के मरच्यूरी में रखा हुआ है। वहीं परिजन सम्प्रेक्षण गृह के सामने विगत 7 दिनों से धरना में बैठे हुए हैं। तबियत खराब होने मृतक की पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्वस्थ होने पर अस्पताल से छुट्ट होने पर वह फिर धरना में जाकर बैठ गई है।

# घने बादलों ने बरसकर दी राहत

**बिलासपुर।** घने बादलों के बीच एक बार फिर सोमवार को जिले के आसपास अच्छी बारिश दर्ज की गई है। इस दौरान अधिकतम तापमान में 3.2 डिग्री की कमी देखी गई और पारा 28.4 डिग्री दर्ज किया गया है लेकिन शहरीय क्षेत्र में अपेक्षाकृत बारिश कम देखी गई है।

मानसूनी द्रोणिका गंगानगर, रोहतक, रांची से बंगाल की खाड़ी तक द्रोणिका बनी हुई है। वहीं चक्रवाती हवाओं का घेरा झारखंड और बिहार के आसपास पास बन चुका है। जिसके चलते प्रदेश में अच्छी बारिश के आसार है। खास बात यह है कि पिछले 12 घंटे में पेंड्रा में तेज बारिश हुई है, इस दौरान करीब 81 सेमी बारिश पेंड्रा में दर्ज की गई।

### दो मुहानी एनीकट के ऊपर से बह रहा नदी का पानी



## एक वर्ष या नए कुलपति के आने तक पद पर रहेंगे

# कुलपति चक्रवाल को मिला एक्सटेंशन

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल फिलहाल सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कुलपति बने रहेंगे। यूनिवर्सिटी में कुलपति के रूप में उन्हें एक्सटेंशन मिल गया है और सोमवार को भारत सरकार के केन्द्रीय उच्च शिक्षा मंत्रालय से उनके एक्सटेंशन का आदेश सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पास पहुंच गया है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल के एक्सटेंशन आदेश में तीन कंडीशन दिया हुआ है, जिसके तहत एक वर्ष की अवधि या नए कुलपति व अगले आदेश तक जो भी पहले हो तब तक वे कुलपति बने रहेंगे। यह एक्सटेंशन आदेश भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय से आज ही जारी हुआ है, जिसमें सेंट्रल यूनिवर्सिटी एक्ट 2009 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत की राष्ट्रपति सेंट्रल यूनिवर्सिटी की विजिटर के रूप में अपनी सामर्थ्य से प्रो. चक्रवाल का कार्यकाल बढ़ाया गया है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रो. चक्रवाल का कुलपति के रूप में पांच वर्ष का कार्यकाल 23 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा है। नए कुलपति की नियुक्ति अभी नहीं हो पाई है, इसलिए यूनिवर्सिटी में यह असमंजस की स्थिति बनी हुई थी कि प्रो. चक्रवाल को एक्सटेंशन मिलेगा या नहीं। सोमवार को दिल्ली से कुलपति पद पर एक्सटेंशन का आदेश पहुचते ही यह असमंजस की स्थिति अब दूर हो गई है और फिलहाल प्रो. चक्रवाल कुलपति के पद पर बने रहेंगे।



प्रो. चक्रवाल

### सीयू में एक्सटेंशन वाले दूसरे नंबर के कुलपति

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रो. चक्रवाल के पहले डॉ. अंजिला गुप्ता कुलपति थी। यूनिवर्सिटी में डॉ. गुप्ता का पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्हें एक साल का एक्सटेंशन कुलपति के रूप में मिला था। इस तरह अंजिला गुप्ता सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 6 साल तक कुलपति पद पर रही।

### एक्सटेंशन का आदेश आया है

कुलपति के एक्सटेंशन का आदेश आ गया है। आदेश के अनुसार एक वर्ष या नए कुलपति की नियुक्ति होने तक तथा अगले आदेश तक कुलपति का कार्यकाल बढ़ाया गया है।

-प्रो. मनीष श्रीवास्तव
मीडिया प्रभारी, सीयू

## कौशिक भी अगले महीने रिटायर होने वाले हैं

# सहायक संचालक कौशिक को डीईओ का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

10 दिनों बाद आखिरकार शिक्षा विभाग में जिला शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति हो ही गई। हालांकि अभी भी जिले को प्रभारी डीईओ ही मिला है। स्थायी की तलाश जारी ही है। सोमवार को जारी आदेश में नियमित पदस्थापना होने तक डॉ. अजय कौशिक को जिला शिक्षा अधिकारी, बिलासपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। श्री कौशिक अभी सहायक संचालक के पद पर है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक सहायक संचालक एवं मूल पद पर प्राचार्य डॉ. अजय कौशिक, जो वर्तमान में जिला शिक्षा कार्यालय बिलासपुर में पदस्थ हैं, अपने मौजूदा दायित्वों के साथ-साथ जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। शासन ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था नियमित जिला शिक्षा अधिकारी की पदस्थापना होने तक प्रभावी रहेगी। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।ध्यान रहे कि श्री कौशिक भी अगले महीने रिटायर होने वाले हैं।



अजय कौशिक

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा रामेश्वर जायसवाल को जिले का प्रभारी डीईओ बनाया गया था। सीनियर प्राचार्यों की याचिका की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने इस नियुक्ति पर रोक लगा दी है। इसके बाद पिछले 10 दिनों से विभाग बिना अधिकारी चल रहा था। इधर सहायक संचालक पी. दासरथी और अजय कौशिक छुट्टी पर चल रहे हैं तो बसंत प्रताप सिंह मेडिकल लीव पर हैं। फिलहाल सहायक संचालक वर्षा शर्मा ही कार्यालय का काम देख रही हैं। जिम्मेदार अधिकारी नहीं होने का असर कामकाज पर भी दिखने लगा है।

### कार्य विभाजन भी किया गया

गौरतलब है कि 3 जुलाई को तत्कालीन डीईओ रामेश्वर जायसवाल ने कार्य विभाजन का आदेश जारी किया था। इसमें सहायक संचालक वर्षा शर्मा को स्थापना, स्कॉलरशिप, सेजेस, पीएम श्री, आरटीई, टीएल, जनदर्शन, स्टोर और बजट जैसे सेक्शन दिए गए थे। इसी तरह बसंत प्रताप सिंह को योजना, विधानसभा, कोर्ट, शिकायत जांच, अनुदान मान्यता, ऑडिट और एमडीएम का प्रभार दिया गया था।

**खबर संक्षेप**

## सुधा बॉयो पावर एवं ग्राम पंचायत मोहतराई ने किया पौधरोपण




**बिलासपुर।** सुधा बॉयो पावर प्रा. लिमिटेड एवं ग्राम पंचायत मोहतराई के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण किया गया। सुधा बायो पावर लिमिटेड एचआर विभाग के पी.व्ही.श्रीधर ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बिल्हा द्वारा जारी निर्देशों के पालन सुधा बॉयो पावर प्रा.लि. एवं ग्राम पंचायत मोहतराई के संयुक्त तत्वाधान में पौधरोपण महाभियान का सफल आयोजन किया गया। इसमें सुधा बॉयो पावर प्रा.लि. के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। साथ ही ग्राम पंचायत मोहतराई के सरपंच, पंचगण एवं ग्राम सचिव, ग्राम सेवक त ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। सभी ने मिलकर निर्धारित स्थल पर विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। सुधा बॉयो पावर प्रा.लि. ने भविष्य में ग्राम पंचायत के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की प्रतिबद्धता व्यक्ति की।

## अरपा पुल को सांस्कृतिक धरोहर घोषित करने की मांग

**बिलासपुर।** ऐतिहासिक पहचान एवं शहर की विरासत सरकंडा अरपा पुल के निर्माण को 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं।अरपा अर्पण महाअभियान "जन आंदोलन" ने द्वारा ऐतिहासिक पुल को संरक्षित कर सांस्कृतिक धरोहर घोषित करने की मांग की है। ज्ञात हो कि अमृत मिशन के कारण पुल के ऊपर से भारी-भरकम पेयजल पाइपलाइन बिछाए गया है। अरपा अर्पण समिति ने हस्ताक्षरयुक्त महाअभियान चलाया था लेकिन इसके बाद भी निगम ने मनमानी करते हुए निर्माण किया है। जिसके चलते अमृत मिशन की परीक्षण के समय पुल क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि पुल केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि बिलासपुर के विकास का जीवंत इतिहास है। वर्ष 1926 में निर्मित में पुल बिलासपुर शहर और सरकंडा दोनों क्षेत्रों के बीच आवागमन का एकमात्र माध्यम रह चुका है। अरपा अर्पण महाअभियान ने मांग की है कि पुल का संरक्षण कर हेरिटेज वॉक, टेरेस गार्डन, योग एवं ध्यान स्थल, वरिष्ठ नागरिकों के बैठने हेतु विश्राम स्थल बनाया जाए।

## एयू विद्या परिषद की बैठक में अग्रेषण शुल्क व एडवांस राशि का मुद्दा छाया

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी में सोमवार को विद्या परिषद की बैठक हुई। इस बैठक में कालेजों को लंबित अग्रेषण शुल्क की राशि एवं कालेजों को जारी एडवांस के समायोजन का मुद्दा छाया रहा। अटल यूनिवर्सिटी में विद्या परिषद की बैठक कुलपति प्रो. एलपी पटैरिया की अध्यक्षता व रजिस्ट्रार डॉ. तारणिश गौतम की उपस्थिति में हुई। बैठक में यह बात सामने आई कि कालेजों का अग्रेषण शुल्क की राशि यूनिवर्सिटी में लंबित है, जिसे जारी किया जाए। इसी तरह यूनिवर्सिटी की ओर से यह कही गई कि एडवांस आदि राशि का कालेजों द्वारा देनदारी बाकी है, जिसका समायोजन भी नहीं कराया गया है। इस मुद्दे को लेकर बैठक में चर्चा हुई। यह भी कहा गया कि समारोह आदि में अनावश्यक खर्च न किया जाए और ज्यादा फोकस अध्ययन-अध्यापन कार्य पर किया जाए। विद्या परिषद में पिछले बैठक की कार्यवृत्त भी रखी गई। यूनिवर्सिटी अधिनियम 1973 की धारा के प्रावधानुसार विद्या परिषद द्वारा 2 व्यक्तियों को सदस्य के रूप में सहयोजित करने पर चर्चा हुई। इसी तरह विद्या संबंधी योजना तथा मूल्यांकन बोर्ड में विद्या परिषद द्वारा तीन विद्वानों के नाम निर्देशन पर विचार किया गया। यूनिवर्सिटी यूटीडी स्थित पांचों विभागों के अध्ययन मंडल तथा तदर्थ बोर्ड से प्राप्त कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।

## नीट यूजी -2026 में अंशिका की शानदार सफलता

**बिलासपुर।** शहर की होनहार छात्रा अंशिका अग्रवाल ने नीट यूजी - 2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 27,756 प्राप्त की है।



अंशिका ने परीक्षा में 700 में से 563 अंक हासिल कर अपने परिवार एवं समाज का नाम गौरवान्वित किया है। अंशिका, सरिता राजकुमार अग्रवाल की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में हर्ष का माहौल है। अंशिका की सफलता का श्रेय उनके कठिन परिश्रम, अनुशासित अध्ययन, माता-पिता के मार्गदर्शन एवं शिक्षकों के सहयोग को जाता है। बचपन से ही मेधावी रही अंशिका का सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। नीट यूजी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर उन्होंने अपने लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। अंशिका की यह सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है, जो मेहनत और लगन के बल पर अपने सपनों को साकार करना चाहते हैं।

## सरकारी पैथोलॉजी लैब का निजी संचालन, स्वास्थ्य कर्मचारियों का विरोध

**बिलासपुर।** राज्य सरकार द्वारा सरकारी पैथोलॉजी लैब को हिंदुस्तान लाइफकेयर लिमिटेड (एचएलएल) को सौंपने का विरोध शुरू हो चुका है। स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने संयुक्त बैठक की और इसका पूरजोर विरोध करने की बात कही है। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने की। कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि शासकीय पैथोलॉजी प्रयोगशालाओं का संचालन एचएलएल को सौंपने का निर्णय पूरी तरह से गलत है। सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था, कर्मचारियों हितों तथा लोगों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण जांच में बाधा है। जहां लोगों को विश्वसनीय, सुलभ एवं किफायती जांच सेवाएं मिल रही है, वहां इसतरह के निर्णय दुर्भाग्य पूर्ण है। बैठक में राज्य सरकार द्वारा निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की गई है। वहीं एचएलएल को लैब के संचालन सौंपने के निर्णय को वापस लेने का दबाव बनाने की बात कही गई है। सरकार कर्मचारियों की मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लेने पर फेडरेशन के नेतृत्व में चरणबद्ध एवं लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी गई है।

## भाजयुमो छग के प्रदेश मंत्री केशरी को सरगुजा जिला प्रभारी की जिम्मेदारी

**बिलासपुर।** भाजयुमो छत्तीसगढ़ के प्रदेश मंत्री सन्नी केशरी को भाजपा संगठन द्वारा सरगुजा जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है।



वे लंबे समय से भाजयुमो में सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करते रहे हैं। उनकी संगठनात्मक क्षमता, सक्रिय कार्यशैली एवं युवाओं के बीच मजबूत पकड़ को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें सरगुजा जिले की महत्वपूर्ण नवीन जिम्मेदारी सौंपी है।

**तोरवा चौक से दर्रीघाट तक सड़क जर्जर** | **डिवाइडर और सड़क बनाने को लेकर पीडब्ल्यूडी बरत रहा लापरवाही**

# 32 करोड़ की सड़क पर बारिश थमते ही उड़ रही धूल, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीडब्ल्यूडी द्वारा नेहरू चौक से दर्रीघाट तक सड़क निर्माण जारी है। 32 करोड़ रूपए की लागत से बन रही सड़क पर बारिश थमते ही धूल के गुबार उड़ रहे हैं। तोरवा चौक से दर्रीघाट तक सड़क पर धूल ही धूल नजर आ रही है।

- **रात में सड़क पर छा जाता है अंधेरा, जिससे बनी रहती है दुर्घटना की आशंका**

तोरवा चौक से दर्रीघाट सड़क पर वर्तमान में चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है। इस दौरान दोनों ओर कांक्रीट बेस डाला गया है। लालखदान के पास हैवी वाहनों के चलते बड़े-बड़े गड्ढें हो चुके हैं, जिसमें बारिश होते ही सड़क का अंदाजा भी नहीं हो रहा है। इसके साथ ही इससे आगे बढ़ने पर डिवाइडर का काम किया जा रहा है लेकिन इस दौरान पीडब्ल्यूडी के अधिकारी की अनदेखी और ठेकेदार की लापरवाही साफ तौर पर दिख रही है, दरअसल सड़क बनाने के दौरान लोगों की सावधानी के लिए डाईवर्सन और पीले फीते लगाए जाते है, लेकिन सड़क बनाने के लिए दुर्घटनाओं को लेकर बरती जाने वाली सावधानियों की अनदेखी कर दी गई है। वहीं रात के समय सड़क पर अंधेरा छा जाता है, जिसके चलते दुर्घटनाओं का अंदेशा बढ़ चुका है। लोगों का यहां से गुजरना किसी खतरे से कम नहीं।





### करीब 6 साल पहले बनी थी सड़क

खास बात यह है कि तोरवा से लालखदान तक 6 साल पहले ही सड़क बनी थी, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने करीब 8 करोड़ रूपए खर्च किए थे, लेकिन उस दौरान भी ठेकेदार की लापरवाही के कारण लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। इसी सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढें बन चुके है, लेकिन बारिश को देखते हुए पीडब्ल्यूडी के अधिकारी पाटने की जरूरत नहीं समझ रहे है।

### एनएच में शामिल थी सड़क

बताया जा रहा है कि यह सड़क पहले एनएच 200 और एनएच49 में शामिल थी, लेकिन शहरीय क्षेत्र में होने के कारण इसे अब पीडब्ल्यूडी में शामिल कर लिया गया है। यही कारण है कि सड़क की गुणवत्ता अब पीडब्ल्यूडी के हवाले है, लेकिन पीडब्ल्यूडी ने सड़क निर्माण के लिए नियमों को भी तांक पर रख दिया है। सड़क निर्माण की गति काफी सुस्त है, करीब 60 फीसदी हिस्सा अभी भी अपूर्ण है। बिजली के पोल तक नहीं हट सके है, ऐसे में चौड़ीकरण का रास्ता अभी भी अधूरा है।

## 11 नए एल्डरमैन ने ली शपथ




**बिलासपुर।** नगर निगम बिलासपुर के नवनियुक्त एल्डरमैन (नामांकित पार्षदों) का शपथ ग्रहण समारोह स्व.लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी को पद,कर्तव्य एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अतिथि के रूप में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक विशेष रूप से उपस्थित थे।

समारोह में नवनियुक्त सभी 11 एल्डरमैन ने शपथ ली। इनमें शेखर पाल, जुगल किशोर अग्रवाल, योगेश बोले, चंद्रप्रकाश मिश्रा, देवाशीष घोष (लाल्टू), विष्णु सोनी, अशोक ठाकुर, ज्ञानचंद्र कौशिक, रामू साहू, संतोष कुमार दुबे एवं भगवती साहू शामिल थे। इस अवसर पर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि निगम शहर के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है और एल्डरमैन के रूप में मिली जिम्मेदारी जनसेवा का अवसर है। उन्होंने कहा कि सभी नामांकित पार्षद दलगत भावना से ऊपर उठकर शहर के विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि एल्डरमैन का दायित्व केवल पद की गरिमा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और शहर के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का भी है।

उन्होंने नवनियुक्त एल्डरमैन से अपेक्षा की कि वे अपने अनुभव और सामाजिक सहभागिता का उपयोग करते हुए नगर निगम की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने, जनसमस्याओं के समाधान तथा विकास कार्यों की निरंतर निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने कहा कि आज से सभी एल्डरमैन नगर निगम परिवार का अहम हिस्सा बन गए है और हम सब मिलकर बिलासपुर शहर को स्वच्छ,सुंदर और विकसित बनाएंगे। कार्यक्रम में क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, पूर्व विधायक कृष्णमूर्ति बांधी,सभापति विनोद सोनी, निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे समेत एमआईसी सदस्य,पार्षद एवं नागरिक उपस्थित थे।

## डॉ. मखीजा बने विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष

**बिलासपुर।** विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति की बैठक 19 एवं 20 जुलाई को छतरपुर नई दिल्ली में हुई। इसमें बिलासपुर के नेत्र चिकित्सक एवं विनायक नेत्रालय के संचालक डॉ. ललित मखीजा को विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत का प्रांताध्यक्ष घोषित किया गया। डॉ. मखीजा इससे पूर्व परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष के दायित्व निर्वहन कर चुके हैं। डॉ. मखीजा को प्रांताध्यक्ष बनाए जाने से बिलासपुर का संगठनात्मक, सामाजिक एवं धार्मिक महत्व प्रदेश स्तर पर और अधिक सुदृढ़ हुआ है। विश्व हिंदू परिषद जैसे राष्ट्रव्यापी संगठन में बिलासपुर के एक प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं समाजसेवी को यह महत्वपूर्ण दायित्व मिलना पूरे जिले के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने इसे बिलासपुर के बढ़ते वर्चस्व, सामाजिक योगदान एवं संगठनात्मक सक्रियता का प्रतीक बताया। घोषणा के उपरांत मगरपारा रोड स्थित विनायक नेत्रालय में शुभकामनाएँ देने वालों का ताँता लगा रहा। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल तथा विभिन्न सामाजिक एवं राष्ट्रवादी संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने डॉ. मखीजा का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर परिषद के प्रांत सह कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, विभाग मंत्री राजीव शर्मा, जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता, धर्म जागरण समन्वय से भृगु अवस्थी, भाजपा के जिला महामंत्री एस.के. मनहर, राजेश तिवारी, हिंदू जागरण मंच से सौरभ दुबे, अवनेश त्रिपाठी, संजू विरानी ने डॉ. मखीजा को शुभकामनाएँ प्रेषित की। नवनियुक्त प्रांताध्यक्ष डॉ. मखीजा ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद ने मुझ जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता पर जो विश्वास व्यक्त करते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है, उसके लिए मैं संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। यह मेरे लिए सम्मान नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा का एक बड़ा उत्तरदायित्व है। छत्तीसगढ़ प्रांत में हम विश्व हिंदू परिषद के सेवा, संस्कार, संगठन एवं सुरक्षा के कार्यों को और अधिक गति प्रदान करेंगे। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रांत में संगठनात्मक कार्यों का विस्तार होगा।



**बिजनेस प्लस**

## भारतीय नगर चौक में द रेमंड शॉप का नया शोरूम खुला

**बिलासपुर।** शहर के फैशन प्रेमियों और अपने स्टाइल से समझौता न करने वाले पुरुषों के लिए एक बेहद शानदार खबर आ रही है। पुरुषों के पहनावे और प्रीमियम लाइफस्टाइल का सबसे पसंदीदा और जाना-माना ब्रांड 'द रेमंड शॉप' अब बिलासपुर के व्यापार विहार, मेन रोड स्थित भारती नगर चौक के पास एक नए और बेहद आकर्षक स्टोर का उद्घाटन हुआ।

इसे शहर का नया 'फैशन डेस्टिनेशन' माना जा रहा है, जहाँ कदम रखते ही ग्राहकों को खरीदारी का एक बिल्कुल अनोखा और प्रीमियम अनुभव मिलेगा। इस नए स्टोर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहाँ एक ही छत के नीचे पुरुषों के फैशन की एक बहुत बड़ी और विविधता से भरपूर रेंज उपलब्ध कराई गई है। यहां ग्राहकों के लिए रेमंड फाइन फैब्रिक्स के शानदार कपड़ों के साथ-साथ देश के सबसे भरोसेमंद और प्रीमियम रेडीमेड ब्रांड्स जैसे रेमंड रेडी-टू-वियर, पार्क एवेन्यू, पार्क्स और कलरप्लस का बिल्कुल नया कलेक्शन उतारा गया है। चाहे दफ्तर के लिए क्लासी फॉर्मल सूट और शर्ट चाहिए, वीकेंड के लिए आरामदायक कैजुअल टी-शर्ट या फिर किसी शादी और त्यौहार के लिए शाही एथनिक वियर और यहाँ हर




अवसर के लिए एक से बढ़कर एक लाजवाब विकल्प मौजूद हैं। इस स्टोर में ग्राहकों के लिए विशेष 'कस्टम टेलरिंग' यानी कस्टमाइज्ड सिलाई की सुविधा भी दी जा रही है। इसके तहत एक्सपर्ट मास्टर आपके चुने हुए कपड़े को पूरी बारीकी और सिलाई की आधुनिक तकनीकों के साथ तैयार करेंगे, ताकि आपको एक परफेक्ट और बेजोड़ फिटिंग मिल सके। यदि आप भी अपने स्टाइल को एक नया मुकाम देना चाहते हैं और प्रीमियम शॉपिंग का आनंद लेना चाहते हैं, तो व्यापार विहार, मेन रोड भारती नगर चौक के पास स्थित 'द रेमंड शॉप' के इस नए स्टोर पर जरूर विजिट करें।

## नेता प्रतिपक्ष डा. महंत पहुंचे शहर





**बिलासपुर।** सोमवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत बिलासपुर प्रवास पर रहे। इस दौरान वे विधायक दिलीप लहरिया, विधायक अटल श्रीवास्तव के घर पहुंचकर सौजन्य भेट की। डॉ महंत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुंशी राम उपवेजा के निवास पर उनसे मुलाकात की। डॉ महंत दयालबंद स्थित स्वर्गीय अशोक गांधी के निवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त की।

## रेगुलर से संविदा किए गए पांच कर्मचारियों को मिला वेतन

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल में यूजीसी ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी में कायर्रत टेक्नीकल व सेक्शन आफिसर समेत पांच अधिकारियों-कर्मचारियों की रेगुलर नियुक्ति को यूजीसी के आपत्ति के बाद संविदा में तब्दील कर दी गई थी। रेगुलर से संविदा किए गए इन कर्मचारियों का वेतन का मामला करीब 5-6 महिने तक उलझा रहा, किन्तु इस माह यूनिवर्सिटी ने उनका वेतन जारी कर दिया है।

सीयू में यूजीसी ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी में कार्यरत टेक्निकल आफिसर व सेक्शन आफिसर सहित पांचों कर्मचारियों की सैलरी रोक दी थी जो इस महिने से मिलना शुरू हो गया है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के जनवरी माह में स्टेडिंग कमेटी के निर्णय बाद एमएमटीटीसी के पांच कर्मचारियों का सैलरी रोक दिया गया था। यूजीसी मानवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर एमएमटीटीसी को पहले एचआरडीसी और उससे पहले एकेडमिक स्टाफ कालेज के नाम से जाना जाता था।

### दे रहे हैं वेतन

यूनिवर्सिटी के एमएमटीटीसी में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवा संविदा में परिवर्तित करने का निर्णय हुआ था। इन अधिकारियों-कर्मचारियों को संविदा के रूप में वेतन मिलना शुरू हो गया है।

-प्रो. मनीष श्रीवास्तव
मीडिया प्रभारी, सीयू

### इनको किया गया संविदा

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के एमएमटीटीसी टीचर ट्रेनिंग सेंटर में कार्यरत जिन पांच लोगों की नियमित नौकरी को संविदा में तब्दील किया गया है। इसमें एमएमटीटीसी टेक्नीकल आफिसर प्रिती शुक्ला, सेक्शन आफिसर आरची वर्मा, जूनियर असिस्टेंट रूपाली उपाध्याय, सीनियर असिस्टेंट हेमंत यादव, हास्टल अटेडेंट सुरेश कुमार का नाम शामिल हैं। इनमें ज्यादतर विवि स्टाफ के ही रिश्तेदार शामिल हैं।

## तेलुगु महासंघम नगर इकाई की बैठक में लिए गए निर्णय



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ तेलुगु महा संघम बिलासपुर शाखा की कार्यकारिणी बैठक में संगठन के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ तेलुगु महा संघम के उपाध्यक्ष बी. वेणु गोपाल राव द्वारा 12 जुलाई को आयोजित छत्तीसगढ़ तेलुगु महा संघम की कार्यकारिणी बैठक एवं कार्यक्रम का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया। इसका सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया।

संरक्षक वी. रामा राव ने नई कार्यकारिणी का शीघ्र गठन करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने, तेलुगु समाज की एकता एवं भाईचारे को बनाए रखने तथा महा संघम द्वारा संचालित सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनहितकारी गतिविधियों का विस्तार करने का आह्वान किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी समय में छत्तीसगढ़ तेलुगु महा संघम के तत्वावधान में बिलासपुर में और भी भव्य एवं व्यापक स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे समाज के अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। बैठक में संगठन के वर्तमान एवं आगामी कार्यक्रमों पर भी सार्थक चर्चा की गई। इस अवसर पर वी. रामा राव, उपाध्यक्ष बी. वेणु गोपाल राव, सचिव आर. मनोरथ बाबू, एन. रमना मूर्ति, आर. राम कुमार, जी. वी. प्रसाद, सी. श्रीनिवास राव, पी. चंद्र बाबू, आर. श्रीनिवास राव, एन. लोकेश, सुरेश पटनाला आदि मौजूद थे।

## डॉ .नंदकुमार अध्यक्ष एवं पूर्णिमा व राम उपाध्यक्ष चुने गए

**बिलासपुर।** ग्राम सकर्रा के शाउमावि सकर्रा मे शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए डॉ .नंदकुमार कर्ष को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पूर्णिमा, राम साहू को उपाध्यक्ष एवं गोवर्धन विश्वकर्मा को सह उपाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकर्रा के प्राचार्य रमाकांत पांडेय ग्राम पंचायत सकर्रा के सरपंच प्रतिनिधि श्यामता कौशिक, उपसरपंच संजय कर्ष, मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर, बृजेश निर्मलकर, नवीन कौशिक, रमेश गढ़ेवाल, ममता कौशिक, रत्ना कौशिक, हीरा धर, मनोज कौशिक, शनि कर्ष, संतोष कौशिक, , भीम सूर्यवंशी, सुंदर पाल, गंगा राम, सुरेन्द्र साहू आदि मौजूद थे।

**रेल रोको आंदोलन की दी चेतावनी**

## बोल बम श्रद्धालुओं ने जीएम व डीआरएम दफ्तर घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बैद्यनाथ धाम जाने वाली आरक्षित ट्रेन को अंतिम समय में निरस्त करने से आक्रोशित हजारों बोल बम श्रद्धालुओं ने सोमवार को बोल बम सेवा समिति, छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में रेलवे प्रशासन के खिलाफ जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया।

श्रद्धालुओं ने पहले तोरवा थाने के पास स्थित रामलीला मैदान में एकत्रित होकर रैली निकाली, जिसके बाद रेलवे महाप्रबंधक (जीएम) कार्यालय एवं मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान शिवभक्त डीआरएम कार्यालय के मुख्य द्वार के सामने धरने पर बैठ गए और रेलवे प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। श्रद्धालुओं का कहना था कि महीनों पहले रेलवे ने विधिवत आरक्षण स्वीकार कर टिकट जारी किए, लेकिन यात्रा से ठीक पहले ट्रेन निरस्त कर हजारों शिवभक्तों की आस्था पर कुठाराघात किया है। प्रतिनिधिमंडल ने मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि निरस्त ट्रेन को तत्काल पुनः संचालित किया जाए अथवा सभी आरक्षित श्रद्धालुओं के लिए विशेष ट्रेन या समुचित वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। समिति ने रेलवे प्रशासन को 7 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि निर्धारित अवधि के भीतर श्रद्धालुओं की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो पूरे प्रदेश के शिवभक्तों के साथ व्यापक "रेल रोको आंदोलन" किया जाएगा।



## निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन 5 तक

**बिलासपुर।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम 2009 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निजी विद्यालयों में कक्षा पहली में प्रवेश के लिए तृतीय एवं अंतिम चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन 22 जुलाई से 5 अगस्त तक है। 25 जुलाई से 7 अगस्त तक नोडल प्राचार्यों द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण एवं सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 10 अगस्त से 14 अगस्त तक ऑनलाइन लॉटरी एवं काउंसिलिंग के माध्यम से चयनित बच्चों की सूची जारी की जाएगी। लॉटरी में चयनित विद्यार्थियों का संबंधित निजी विद्यालयों में प्रवेश 17 अगस्त से 25 अगस्त तक किया जाएगा। वहीं 20 अगस्त से 27 अगस्त तक नोडल प्राचार्यों द्वारा प्रवेशित विद्यार्थियों की अंतिम प्रविष्टि आरटीई पोर्टल पर दर्ज की जाएगी।

## सर्पदंश मामले में लिपिकों की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन



**बिलासपुर।** सर्पदंश मामले के प्रकरण में एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय में पदस्थ तीन लिपिकों को नरेन्द्र कौशिक, हरिशंकर राठौर, और गरीब बिंझवार को पुलिस द्वारा गिरफ़्तार करके जेल भेजा गया, इसके विरोध में आज छग प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी के नेतृत्व में राजस्व विभाग के लिपिकों के साथ जमकर प्रदर्शन किया और कलेक्टर एस पी को ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी ने बताया की प्रकरण पर निराकरण करने का जांच का और निर्णय लेने का अधिकार तसीलदार और उच्च अधिकारियों का होता है। अतः जांच एक पक्षीय है संघ ने आज जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा और मांग की है कि उक्त प्रकरण की सूक्ष्म जांच की जाय और निर्दोष लिपिकों को रिहा किया जाय। आज ज्ञापन प्रदर्शन में सूर्य प्रकाश कश्यप, वर्षा रानी चरण, रजनी मेहर, प्रदीप तिवारी, ओपी तिवारी, रिंकेश ध्रुव, विगेश कुमार, मेघा छावड़ा , विनय विश्वकर्मा, गोल्डी देवांगन चंचल मिश्रा, जेबा खान , मंजू एक्का, मंजू खरे लव कुमार साहू, रामनारायणु श्रीवास, उमेश चक्रधारी, जूही सोम आदि मौजूद थे।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 21 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




आयोजन

## लायंस स्माइल के सदस्यों ने ली शपथ सेवा कार्यों में अग्रणी रहने संकल्प



**बिलासपुर।** लायंस क्लब स्माइल के का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम गोपाल करियारे थे, लायन प्रीतिपाल बाली सर ने प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। विशिष्ट अतिथियों के रूप में लायन दिलीप भंडारी, जोन चेयरपर्सन जोन डॉ रश्मिलता मिश्रा, रीजन एडवाइजर लायन नितिन सलूजा,फहरीन चिस्ती, कोडीनेटर डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी, लायन राकेश पांडे की गरिमामयी उपस्थिति रही। रीजन-7 की चेयरपर्सन और शपथ अधिकारी लायन अर्चना तिवारी ने नवगठित कार्यकारिणी, नए सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि राम गोपाल करीयारे का जीवन परिचय लायन डॉ सुरभि राजगीर के द्वारा पठन किया गया। अध्यक्ष लायन रीता राजगीर, उपाध्यक्ष डॉ सविता पांडे एवं डॉ सुरभि राजगीर, सचिव लायन दीप्ति साहू, सह सचिव ज्योति सिंगरौल, कोषाध्यक्ष डॉ. ज्योति नामदेव तथा सह-कोषाध्यक्ष लता श्री सहित सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने दायित्वों की शपथ ग्रहण की। डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन डॉ सुरभि राजगीर, कामिनी स्वर्णकार एवं लक्ष्मी निर्मलकर, मार्केटिंग चेयरपर्सन रेणुका श्रीवास्तव एवं कविता बनर्जी, रिद्धि मेहता एवं तपस्या शर्मा, तथा सुनीता विश्वकर्मा एवं सीमा श्रीवास्तव ने भी अपने पदों की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर लक्ष्मी निर्मलकर, डॉ सुमन आर्य, सीमा श्रीवास्तव, तपस्या शर्मा, रेणुका श्रीवास्तव एवं कविता बनर्जी, सुषमा सिंहा प्राची करने,उषा सिंहा नेहा सिंहा ने शपथ लेकर समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

जागरूकता

## गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने चल रहा अभियान



**बिलासपुर।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिलाने गौ सेवकों द्वारा इन दिनों प्रार्थना पत्र भरवाए जा रहे हैं। इसी क्रम में 27 जुलाई को राममंदिर तिलकनगर में महासम्मेलन कर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। गोमाता को 'राष्ट्र माता', 'राष्ट्र देव', 'राष्ट्र धरोहर' का दर्जा दिलाने और पूरे देश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' की घोषणा की गई है। इसे पूर्णतः अहिंसक, और जनभागीदारी पर आधारित आंदोलन बताया है। गौ सेवकों का कहना है कि यह अभियान गौ माता और भारतीय संस्कृति के सम्मान करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस उद्देश्य को पूरा करने मंदिर, स्कूल, कॉलेज, कॉलोनियों सहित लोगों के बीच अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 8 हजार से अधिक लोग घोषणा पत्र भर चुके हैं। घोंघा बाबा मंदिर परिसर में बैठक कर लोगों को जागरूक किया गया। सोमवार को गार्डन में एक बैठक आयोजित की गई।

समारोह

## लायंस क्लब विमेन का शपथ ग्रहण पौधों के साथ किया गया सम्मान



**बिलासपुर।** लायंस क्लब विमेन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह में नवगठित कार्यकारिणी ने अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन रिजवाना हुसैन, सचिव लायन डॉ कविता पुजारा तथा कोषाध्यक्ष लायन मोनिका कोहले ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। सभी पदाधिकारियों को शपथ अधिकारी लायन शैलेश बाजपेई ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर रीजन चेयरमैन लायन शैलेश बाजपेयी एवं जोन चेयरमैन डॉ हर्ष पांडेय की विशेष उपस्थिति रही। समारोह में डिस्ट्रिक्ट की वरिष्ठ पदाधिकारी लायन चंदा बंसल, लायन दिनेश अग्रवाल, लायन फरहीन चिश्ती, लायन नितिन सलूजा तथा लायन इंदिरा त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य लायन सदस्यों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की एक विशेष पहल के रूप में क्लब द्वारा प्लांटेशन ड्राइव के अंतर्गत उपस्थित सभी अतिथियों एवं सदस्यों को पौधे भेंट कर उनका सम्मान किया गया। क्लब ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम

## भावनात्मक चुनौतियों और मौन संघर्षों से जुड़ी पुस्तक का विमोचन



**बिलासपुर।** व्यापार विहार स्थित सांझा चूल्हा में गरिमामय समारोह के दौरान युवा लेखिका व समाज सेविका शिवांगी सिंह यादव 'शैली' की बहुचर्चित पुस्तक का लोकार्पण किया गया। यह कार्यक्रम हरिहर ऑक्सीज़ोन के संरक्षक अनिल टाह, डॉ विनोद तिवारी, रूपेश मिश्रा, रेखा मदन मोहन गुल्ला, डॉ अन्नपूर्णा, शंकर यादव, संजय वर्मा, विंकु भाटिया की उपस्थिति में संपन्न हुआ। पुस्तक का प्रकाशन इंकसाइट पब्लिशर्स, बिलासपुर द्वारा किया गया है। यह पुस्तक समाज में पुरुषों की उन भावनात्मक चुनौतियों और मौन संघर्षों को सामने लाती है, जिन पर अकसर खुलकर चर्चा नहीं होती। लेखिका ने संवेदनशील और सहज भाषा के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया है कि पुरुष रोते नहीं जैसी धारणाएँ किस प्रकार उन्हें अपनी भावनाओं को दबाने के लिए विवश करती हैं। यह पुस्तक केवल पुरुषों की पीड़ा को व्यक्त नहीं करती, बल्कि समाज को उनके भावनात्मक पक्ष को समझने और स्वीकार करने का संदेश भी देती है। लेखिका ने सभी उपस्थित जनों, पाठकों तथा इंकसाइट पब्लिशर्स के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि यह पुस्तक पाठकों के बीच संवेदनशील संवाद की नई शुरुआत करेगी।

# देवी लक्ष्मी-जगन्नाथ के बीच रिश्ते का भावनात्मक चित्रण

रेल्वे स्थित श्री मौसी मां मंदिर में रथयात्रा के पांचवें दिन हेरा पंचमी मनाई गई। हेरापंचमी देवी लक्ष्मी और भगवान जगन्नाथ के बीच के रिश्ते का भावनात्मक चित्रण एवं एक अनूठा और भावनात्मक त्यौहार है। रात्रि में भजन संध्या आयोजित की गई। इसमें श्री क्षेत्र कला परिषद राउरकेला के सदस्यों ने भगवान जगन्नाथ पर आधारित एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। जिससे पूरा माहौल आध्यात्मय बना रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उत्कल समाज के अध्यक्ष केके बेहरा ने बताया कि हेरा पंचमी रथयात्रा के बाद पांचवें दिन मनाई जाती है। 'हेरा' का अर्थ खोजना या देखना है। इस दिन माता लक्ष्मी गुंडिचा मंदिर जाकर भगवान से नाराज होने की लीला करती हैं।

इस परंपरा की मुख्य कथा यह है कि जब भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ गुंडिचा मंदिर चले जाते हैं, तो माता लक्ष्मी अकेली रह जाती हैं। पांचवें दिन वह एक भव्य पालकी में सवार होकर गुंडिचा मंदिर पहुंचती हैं और भगवान जगन्नाथ से अपनी शिकायत दर्ज़ कराती हैं। नाराजगी में माता लक्ष्मी भगवान जगन्नाथ के रथ का एक हिस्सा दूत भेज कर तुड़वा देती हैं। यह उत्सव देवी-देवताओं और भक्तों के बीच एक मानवीय रिश्ते, स्नेह, रूठने-मनाने और प्यार के अधिकार को दर्शाता है।

मौसी मां मंदिर में रथयात्रा के पांचवें दिन मनाई गई हेरा पंचमी





### विष्णु के स्वरूप हैं भगवान जगन्नाथ

भगवान जगन्नाथ, भगवान विष्णु का एक स्वरूप हैं, जिनकी हर साल रेल्वे परिक्षेत्र में रथयात्रा निकलती है। इस दिन भगवान जगन्नाथ, उनकी बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र तीन भव्य रथों में नगर भ्रमण पर निकलते हैं। हेरा पंचमी रथ यात्रा के पांचवें दिन मनाई जाती है। जिसमें देवी लक्ष्मी भगवान जगन्नाथ से मिलने गुंडिचा मंदिर जाती हैं और भगवान से अपनी नाराजगी व्यक्त करती हैं। हेरा पंचमी केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि देवी लक्ष्मी और भगवान जगन्नाथ के बीच के रिश्ते का भावनात्मक चित्रण है, जो प्रेम में अधिकार को भी दर्शाता है।

## सावन सुंदरी उत्सव में गीत-संगीत से बांधा समा





**बिलासपुर।** माँ जगद्धात्री परिवार द्वारा सावन सुंदरी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, संस्था की अध्यक्ष सुमिता दासगुप्ता के नेतृत्व एवं संचालन में संपन्न हुआ। धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कृति, महिला सशक्तिकरण एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से भरपूर इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव की पूजा-अर्चना एवं मंगलाचरण से हुआ। मंच संचालन सुमिता दासगुप्ता एवं जयंती विश्वास ने संयुक्त रूप से किया। इसके पश्चात सुतपा देबनाथ, जयंती विश्वास, सुमिता दासगुप्ता, आतशी पैरा, बिनाका, सपना जाना एवं राम ने अपनी सुमधुर गीत प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय एवं संगीतमय बना दिया। राम की शानदार गायन प्रस्तुति ने पूरे माहौल में नई ऊर्जा भर दी। वहीं आयुषी पालित, पूजा दास, नीलाक्षी, मीता चक्रवर्ती, शुभ्रा दत्ता एवं पूजा पालित ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। शुभ्रा दत्ता की अपूर्व नृत्य प्रस्तुति, नीलाक्षी का अद्भुत नृत्य, पूजा पालित की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति तथा मीता चक्रवर्ती एवं आयुषी पालित के शानदार नृत्य को दर्शकों ने खूब सराहा। आयुष एवं अर्चना साहा की कविता प्रस्तुति ने भी सभी का मन मोह लिया।

### माँ जगद्धात्री परिवार ने किया आयोजन

कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण को भी विशेष महत्व दिया गया। पायल ब्रह्मा ने अपने हैंडमेड सोप व्यवसाय की जानकारी साझा कर महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया, जबकि प्रियंका मोदी ने अपनी आर्ट संस्था एवं रचनात्मक कार्यों के बारे में जानकारी देकर महिलाओं को अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। सावन सुंदरी रैम्प वॉक, मनोरंजक खेल एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेखा गुल्ला थीं। प्रतियोगिता का मूल्यांकन शेफाली घोष, सुतपा देबनाथ, सुमिता दासगुप्ता एवं प्रियंका मोदी ने किया।कार्यक्रम में उत्कृष्ट गीत, नृत्य, कविता एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देने वाले सभी प्रतिभागियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

इस आयोजन में बबीता, वंदना, नम्रिता, बिनाका, पूर्णिमा, मीता चक्रवर्ती, तृप्ति साहा, सुतपा देबनाथ, शेफाली घोष, अर्चना साहा, पायल ब्रह्मा, अनिमा मोइत्रा, कविता घोष, केका चौधरी, शुभ्रा दत्ता, पूजा, पूजा दास, प्रियंका मोदी, दुर्गा शर्मा, सुमित्रा बसु, अल्पना देबनाथ, नीलाक्षी, रीना बोस, निशा, बैशाखी, पुष्पा, सुमिता दासगुप्ता एवं सपना जाना सहित सभी सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## भयरहित, सुखी, समृद्ध था वैदिक काल : शास्त्री

**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग हुआ। इसमें मुख्य वक्ता आचार्य जयदेव शास्त्री ने बताया कि वैदिक काल भयरहित, शिक्षित, सुखी और समृद्ध काल था। वैदिक काल में मनुष्य ही नहीं प्राणी भी सुखी थे। बेहतर न्याय व्यवस्था थी।

यज्ञ के यजमान आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला के सुपुत्र सत्येंद्र चावला रहे। इन्होंने अपना जन्मदिन वैदिक सत्संग और यज्ञ कर मनाया। हवन के बाद मुख्य वक्ता आचार्य शास्त्री का प्रवचन हुआ। आचार्यजी ने बताया कि वैदिक काल को समझने के लिए सृष्टि की उत्पत्ति को समझना जरूरी है। हमारी सनातन परंपराओं में विवाह संस्कार आदि में यज्ञ, हवन से पूर्व आचार्य द्वारा संकल्प पाठ पढ़ा जाता है। उसमें बताया जाता है कि सृष्टि की उत्पत्ति को अब वर्षो हो गया है। जब सृष्टि की उत्पत्ति हुई थी तब परमपिता परमात्मा ने आदि सृष्टि में मनुष्य को व्यवहारिक कर्म के लिए वेदों का ज्ञान दिया था, तब से ही महाभारत पर्यंत वैदिक परंपराओं चलन रहा और महाभारत के बाद तक वैदिक आर्य राजा चक्रवर्ती सम्राट रहे। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को राजसूय यज्ञ करवा कर चक्रवर्ती सम्राट बनाया था। चक्रवर्ती सम्राट पूरी धरती का मालिक होता है। पुनः वैदिक काल लाने के लिए वेदों की ओर लौटना पड़ेगा, तभी सर्वहित होगा। आर्य श्रेष्ठ बनना और बनाना पड़ेगा। इस कार्य को करने आर्य समाज बहतराई रोड अग्रसर है।

आर्य समाज वसुंधरा विहार में साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग



## पीतांबरा पीठ में अष्टमी पर विशेष महापूजन

**बिलासपुर।** सरकंडा स्थित श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में आषाढ़ गुप्त नवरात्रि महापर्व श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। महापर्व के दौरान प्रतिदिन विशेष पूजन, अभिषेक, हवनात्मक महायज्ञ एवं देवी आराधना का क्रम जारी है। गुप्त नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर श्री ब्रह्मशक्ति माँ बगलामुखी देवी का विशेष पूजन, स्वर्ण-पीत श्रृंगार, गुप्त महाआराधना एवं हवनात्मक महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। श्री पीतांबरा हवनात्मक महायज्ञ में अष्टमी के अवसर पर विशेष आहुतियाँ अर्पित की जाएँगी, जिसके पश्चात भव्य महाआरती होगी।



हरिद्रा सरोवर में भगवान श्री हरि विष्णु ने की थी माँ बगलामुखी की प्रथम साधना पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि सतयुग में एक बार भीषण प्रलयंकारी तूफान से संपूर्ण सृष्टि संकट में पड़ गई थी। सृष्टि की रक्षा के लिए भगवान हरि विष्णु ने सौराष्ट्र स्थित हरिद्रा सरोवर के तट पर आदिशक्ति की कठोर तपस्या की। भगवान श्री हरि विष्णु की तपस्या से प्रसन्न होकर महात्रिपुरसुंदरी के हृदय से पीतवर्ण, जलवेष्टित दिव्य स्वरूप में माँ बगलामुखी देवी प्रकट हुईं। माता ने अपनी दिव्य स्तंभन शक्ति से उस प्रलयंकारी तूफान को तत्काल शांत कर ब्रह्मांड की रक्षा की। इसी कारण जनमानस में यह मान्यता है कि माँ बगलामुखी की सर्वप्रथम आराधना स्वयं भगवान श्री हरि विष्णु ने की तथा उनसे ब्रह्मास्त्र स्वरूप स्तंभन विद्या प्राप्त की। आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि भगवान हरि विष्णु के पश्चात यह महाविद्या ब्रह्मा को प्राप्त हुई। ब्रह्मा से यह ज्ञान सनत्कुमारों, देवर्षि नारद तथा भगवान विष्णु के अंशावतार भगवान परशुराम तक पहुँचा। महाभारत काल में आचार्य द्रोणाचार्य ने भी भगवान परशुराम से इस महाविद्या की साधना कर युद्ध कौशल एवं शास्त्रबल में सिद्धि प्राप्त की।

### महापर्व में विशेष धार्मिक अनुष्ठान

महापर्व के दौरान प्रतिदिन प्रातः 5 बजे माँ श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन एवं अलौकिक श्रृंगार किया जाता है। इसके पश्चात श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक तथा श्री महाकाली, महालक्ष्मी एवं महासरस्वती का श्रीसूक्त के षोडश मंत्रों द्वारा दुग्धाभिषेक संपन्न होता है। साथ ही मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम एवं सिद्धिविनायक भगवान गणेश का विशेष पूजन-अर्चन किया जाता है। रात्रि 8 बजे से 12:30 बजे तक श्री पीतांबरा हवनात्मक महायज्ञ एवं महाआरती का आयोजन निरंतर हो रहा है। पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने समस्त श्रद्धालुओं से गुप्त नवरात्रि महापर्व में सहभागी बनकर माँ श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है।

स्पोर्टर्स न्यूज

## शतरंज में 8 खिलाड़ियों का चयन, जिले का करेंगे प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




जिला शतरंज संघ के तत्वाधान में जिला स्तरीय अंडर -19, अंडर -17 शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स सेंटर पावर हाउस रोड तोरवा में किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 33 खिलाड़ियों ने भाग लिया, इस प्रतियोगिता में कुल 5 चक्रों का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा,उपाध्यक्ष गुरुदीप सिंह अजमानी, विवेक शुक्ला और बबलू शर्मा मंचासिन थे। इस प्रतियोगिता मे बालक वर्ग में प्रथम स्थान अभय यादव, द्वितीय स्थान अश्विन मौर्य, तृतीय स्थान दिव्य कुमार साहू, चतुर्थ स्थान सारांश दुबे ने प्राप्त किया। उसी प्रकार बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सानिया ध्रुवंशी, द्वितीय स्थान संबोधि सिंह एवं तृतीय स्थान समायरा उभरानी, चतुर्थ स्थान स्वर्णिका जंघेल ने प्राप्त किया। अंडर-17 में बालक वर्ग में प्रथम स्थान अश्विन मौर्य, द्वितीय स्थान दिव्य कुमार साहू ने प्राप्त किया उसी प्रकार बालिका वर्ग में प्रथम स्थान संबोधि सिंह ने द्वितीय स्थान समायरा उभरानी ने प्राप्त किया कुल 8 खिलाड़ियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता अंडर-17 और अंडर-19 के लिए हुआ। ये खिलाड़ी बिलासपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियो को मेगा ट्राफी प्रदान की गई एवं सारे खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य निर्णायक योगेश देवांगन, सहायक निर्णायक मनोज साहू ,संदीप मिश्रा और रुद्र नारायण सोनी ने सहयोग प्रदान किया। जिला शतरंज संघ के कोषाध्यक्ष मनीष उभरानी, सचिव विक्रांत कक्कड़ के द्वारा आगामी राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।



## युवा साहित्य कार्यक्रम 31 को

**तखतपुर।** प्रेमचंद हिंदी साहित्य समिति तखतपुर के तत्वाधान में हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राम बीजा में, कार्यक्रम युवा साहित्य चेतना स्वरूप में 31 जुलाई को दोपहर 1 बजे से मनाया जाएगा। यह जानकारी नारायण प्रसाद पाली ने दी।

## निधन

### अंतराम तिवारी



**बिलासपुर।** वार्ड नंबर 59 संजय नगर चांटीडीह निवासी अंतराम तिवारी का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 21 जुलाई को सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे ओंकार तिवारी (गोलू) के पिता थे। वे वर्तमान में पीएम आवास अशोकनगर सरकंडा में निवासरत थे।

### राजेश मिश्रा



**बिलासपुर।** राजस्व कालोनी सरकंडा निवासी राजेश मिश्रा का 20 जुलाई को निधन हो गया। वे 40 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 21 जुलाई को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. केपी मिश्रा के पुत्र, दिनेश मिश्रा, रमेश मिश्रा के भाई एवं आदया व अदविव के पिता थे।

### देवनारायण कौशिक



**तखतपुर।** नगोई निवासी देवनारायण कौशिक 50 वर्ष का 20 जुलाई को निधन हो गया। वे सुनिता कौशिक शिक्षिका के पति व शारदा वर्मा के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम नगोई में किया गया।

### पीलादास जाटवर



**मुंगेली।** ग्राम हथनी खुर्द निवासी पीलादास जाटवर का 83 वर्ष की आयु में 20 जुलाई को निधन हो गया। वे सतनामी समाज के राजमहंत, मुंगेली जिला स्काउट स्काउट के प्रथम जिला प्रशिक्षण आयुक्त एवं तहसील पेंशनर संघ पथरिया के पूर्व अध्यक्ष थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम हथनी खुर्द में 21 जुलाई को किया जाएगा।

### अर्जुन दास शिवदासानी



**बिलासपुर।** हेमू नगर निवासी अर्जुन दास शिवदासानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 जुलाई को सुबह 11 बजे तोरवा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे दिलीप कुमार शिवदासानी के पिता एवं स्वर्गीय वल्लरमल शिवदासानी के पुत्र थे।

### शांति बाई मानिकपुरी

**तखतपुर।** वार्ड क्रमांक 1 ब्लॉक कॉलोनी निवासी शांति बाई मानिकपुरी 60 वर्ष का 20 जुलाई को निधन हो गया। वे मधुरदास मानिकपुरी लाइनमैन की पत्नी थी। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## नगर पालिका बोदरी के नवनियुक्त एल्डरमैनों ने ली शपथ

# विकास को नई दिशा देना जनप्रतिनिधियों का दायित्व: धरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

नगर पालिका परिषद बोदरी में लंबे समय से प्रतीक्षित एल्डरमैनों की नियुक्ति के उपरांत सोमवार को दानवीर भामाशाह साहू भवन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नवनियुक्त एल्डरमैन सुनील मलघानी कट्टी, बलदेव गिरी गोस्वामी, घासी श्रीवास, देवेंद्र कौशिक (पांडु) एवं ज्योति कुलदीप ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधानसभा विधायक धरमलाल कौशिक तथा विशिष्ट अतिथि क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि धरमलाल कौशिक ने सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्री कौशिक ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल पद ग्रहण करना नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए ईमानदारी, पारदर्शिता एवं समर्पण के साथ नगर के विकास को नई दिशा देना है। उन्होंने जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र सवन्नी ने कहा कि प्रदेश सरकार नगरों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। एल्डरमैनों की नियुक्ति के बाद नगर पालिका परिषद बोदरी में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। शपथ ग्रहण के पश्चात सुनील मलघानी कट्टी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उसके वे हृदय से आभारी हैं। उन्होंने कहा कि वे नगर पालिका परिषद बोदरी की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे तथा नगर की मूलभूत समस्याओं के समाधान, विकास कार्यों में तेजी और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद बोदरी की उपाध्यक्ष शिमला सुनील वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी दिनेश पांडे, रजनीश पांडे, कुशल पांडे, अभिषेक तिवारी, संतोष साहू, दीपक वर्मा, बोदरी मंडल अध्यक्ष लव श्रीवास, पूर्व मंडल अध्यक्ष पेंगन वर्मा, पार्षद अतुल ध्रुव, फिरतु राम बनवारे, जोहित राम धुरी, लक्ष्मीनारायण मरावी, विष्णु साहू, सुरेश केवट, हीरालाल लोधी, मुकेश वाधवानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह का समापन सभी अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।



शपथ ग्रहण समारोह में शामिल विधायक धरमलाल कौशिक।

## 198 छात्राओं को मिली साइकिलें, 2 करोड़ 85 लाख के नवीन स्कूल भवन का लोकार्पण

**सरगांव।** छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत सोमवार को नगर पंचायत सरगांव स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय के नवीन भवन में साइकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कक्षा 9वीं की 198 छात्राओं को साइकिलें वितरित की। इनमें सेजेस स्कूल की 38 तथा कन्या शाला की 160 छात्राएं शामिल रहीं। इस दौरान 2 करोड़ 85 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन स्कूल भवन का लोकार्पण भी किया गया। श्री कौशिक ने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण पहल है। इससे छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी, समय की बचत होगी और वे नियमित रूप से पढ़ाई कर अपने सपनों को साकार कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षित बेटियां ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला हैं। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी , विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिमा मंडलोई ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू, उपाध्यक्ष पूजा कौशिक, जिला पंचायत सदस्य अम्बालिका साहू, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र शर्मा, जिला महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर, प्रदेश मंत्री ,अल्पसंख्यक मोर्चा रफजान सिंह हुरा, मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, रामकुमार कौशिक, पंकज वर्मा, रवींद्र गुप्ता, राजकुमार छोटू साहू, सुषमा पोषण यादव, नंदनी साहू सहित विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





# जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे ग्रामीण

**तखतपुर।** ग्राम पंचायत चितावर के ग्रामीणों को बरसात के मौसम में खेती-किसानी के लिए हर दिन जान जोखिम में डालकर छोटी नर्मदा नदी पार करनी पड़ रही है। पुलिया या रपटा नहीं होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों ने बांस और लकड़ियों की सहायता से अस्थायी कच्चा पुल तैयार किया है, जिसके सहारे किसान और मजदूर खेतों तक पहुंचते हैं।

■ छोटी नर्मदा पर पुल निर्माण की मांग

धान रोपाई के इस महत्वपूर्ण समय में किसान और मजदूर इसी खतरनाक पुल से आवागमन करने को मजबूर हैं। बरसात के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ जाता है और तेज बहाव के कारण हर कदम पर दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद आजीविका और खेती के लिए ग्रामीण प्रतिदिन इस पुल का उपयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि छोटी नर्मदा नदी का उद्गम बेलपान क्षेत्र से होता है। बरसात का पानी, खेतों का निकासी जल और विभिन्न नालों का पानी इसमें मिलकर चितावर होते हुए आगे अमोरा के पास मनियारी नदी में संगम करता है। वर्षा ऋतु में नदी गहरी और तेज बहाव वाली हो जाती है, जिससे आवागमन अत्यंत जोखिमपूर्ण हो जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस नदी पर स्थायी पुल या रपटा का शीघ्र निर्माण कराया जाए, ताकि किसान, मजदूर, विद्यार्थी और अन्य ग्रामीण सुरक्षित रूप से आवागमन कर सकें। ग्रामीणों का कहना है कि एक स्थायी पुल बनने से वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा और बरसात के दिनों में होने वाले खतरे से भी राहत मिलेगी।

# मंदिरों में चोरी करने वाला गिरोह बेनकाब, दो गिरफ्तार






मामले का खुलासा करते पुलिस अफसर, गिरफ्तार आरोपी व आरोपियों से जब्त सामान।

**मुंगेली।** धार्मिक स्थलों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का मुंगेली पुलिस ने पर्दाफाश किया है। थाना लालपुर क्षेत्र के कंतेली एवं कोदवाबानी स्थित महामाया मंदिरों में हुई चोरी के दो प्रकरणों का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लगभग 1.75 लाख मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण एवं धार्मिक सामग्री बरामद की गई है।

■ पुलिस ने किया खुलासा, 1.75 लाख के सोने-चांदी के आभूषण बरामद

पुलिस के अनुसार ग्राम कंतेली स्थित महामाया मंदिर में 28-29 जून 2026 की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर गर्भगृह में प्रवेश किया और देवी प्रतिमा पर चढ़े सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए थे। मामले में थाना लालपुर में अपराध क्रमांक 104/2026 के तहत धारा 331(2), 305(डी) एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने संदेही अश्वनी आहिरे को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर कंतेली मंदिर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी ने यह भी खुलासा किया कि वर्ष 2025 में ग्राम कोदवाबानी स्थित महामाया मंदिर में हुई चोरी में भी उसकी संलिप्तता थी। उक्त मामले में थाना लालपुर में अपराध क्रमांक 115/2025 के तहत धारा 331(4), 305(ए) एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध दर्ज था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कबीरधाम जिले के सिल्हाटी स्थित महादेव मंदिर में हुई चोरी का भी खुलासा किया।

### ये सामान बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चांदी के मुकुट, सोने की पत्तियां, चांदी का करधन, रूपया माला, ढार, धार्मिक आभूषण एवं अन्य सामग्री बरामद की है। बरामद संपत्ति की कुल कीमत लगभग 1 लाख 75 हजार आंकी गई है।

### दो पहले से जेल में

गिरफ्तार आरोपियों में अश्वनी आहिरे (24 वर्ष) निवासी नगपुरा, जिला बेमेतरा तथा चंपा बाई (45 वर्ष) निवासी जमकोर शामिल हैं। दोनों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। वहीं मामले के अन्य आरोपी मंजीत पुरले निवासी देवरी एवं पप्पू उर्फ सुनील गोस्वामी निवासी जमकोर पहले से ही अन्य प्रकरणों में जेल में निरुद्ध हैं।

## दीवार तोड़कर बकरे-बकरियां उड़ा ले गए अज्ञात चोर

**तखतपुर।** कोठे की दीवाल से सेंधमारकर अज्ञात चोरों ने 11 बकरे-बकरियों की चोरी कर ली। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 305ए, 331,4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। सूत्रों के अनुसार पड़रिया निवासी दीपचंद पाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 जुलाई को शाम 6 बजे वह अपने बकरे-बकरियों को कोठे में बंद कर सो गया था। जब सुबह जगा तो देखा कोठे के दीवाल में सेंध लगा हुआ है। जब अंदर जाकर देखा तो कोठे से 11 नग बकरे-बकरिया, कीमत लगभग 75 हजार रूपए अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। किसान ने आसपास मोहल्ले में बकरे-बकरियों की पाता साजी किया पर कोई सुराग नहीं मिला। फिर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 305ए, 331,4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

# मण्डी सचिव ने किया निरीक्षण अवैध कब्जे हटवाने के दिए निर्देश



**तखतपुर।** कृषि उपज मण्डी समिति के सचिव निक्की चौबे ने थोक सब्जी व्यापारियों के अध्यक्ष को पत्र लिखकर मण्डी प्रांगण की सफाई एवं अवैध कब्जा हटाने के लिए चेतावनी दिया है। तखतपुर कृषि उपज मण्डी प्रांगण में थोक सब्जी व्यापारी अपना व्यवसाय करते है। कृषि उपज मण्डी समिति के सचिव ने 20 जुलाई को प्रांगण को निरीक्षण किया तब उन्हें भारी अव्यवस्था दिखी जिस पर उन्होंने सब्जी व्यापारियों के अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा कि पूरे प्रांगण में गंदगी फैला हुई है, साथ ही अवैध निर्माण भी कराया गया है। जो नियम विपरीत है इसलिए 31 जुलाई तक परिसर की साफ सफाई की जाए तथा वहां पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न कराया जाए । इसके साथ ही मण्डी प्रांगण में किसी भी खाद्य पदार्थ को बेचने वाले ठेला व गुमटी के संचालकों को वहां से हटाया जाए और एक माह के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो मण्डी प्रांगण का खाली कराया जाएगा।

# पुलिस ने नाकेबंदी कर मवेशियों से भरा ट्रक पकड़ा

## आरोपी चालक को रिमांड पर भेजा गया

**भर्रीडांड़।** बूचड़खाने ले जा रहे 26 भैसों से भरे ट्रक को घेराबंदी कर पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। मामले में आरोपी चालक को गिरफ्तार कर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम क तहत न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार एसपी मनोज कुमार खिलारी को सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक में बड़ी संख्या में भैंसों को अवैध रूप से बूचड़खाने ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार खिलारी द्वारा थाना प्रभारी मरवाही, चौकी प्रभारी कोटमी एवं साइबर सेल की टीम ने तत्काल



कार्रवाई करते हुए दानीकुंडी के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखकर ट्रक क्रमांक यूपी 70 जीटी का चालक वाहन रोकने के बजाय तेजी से भागने लगा जिसे पुलिस ने पीछा करके कुम्हारी बस स्टैंड के पास ट्रक अड़ा कर रोका लिया। ट्रक में 26 भैंसें अत्यंत अमानवीय एवं क्रूर तरीके से ठूंस-ठूंसकर भरी हुई मिलीं। चालक से पशुओं के परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज एवं अनुमति पत्र प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जिस पर पुलिस द्वारा सभी पशुओं को सुरक्षित बाहर निकालकर उनकी देखभाल की व्यवस्था हेतु नियमानुसार सुरक्षित स्थान पर भेजा गया । मौके से ट्रक को जप्त कर चालक के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, पशु परिवहन नियमों एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत थाना मरवाही में अपराध क्रमांक 138/26 धारा 4,6,10 कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004, 11 पशु क्रूरता अधिनियम 1960, 281,111 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान वाल्मीक साकेत, पिता रामलाल साकेत 30 साल निवासी रोहिया, थाना रामपुर बघेलान, जिला सतना, मध्यप्रदेश के रूप में हुई है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क/अति.तह./ वाचक/2026
बिलासपुर, दिनांक 14/07/2026
रा.प्र.क्र......... ./ब-121/2025-26
ग्राम- सरकण्डा, प.ह.नं.- 32

मौजा/ ग्राम सरकण्डा के सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मनीषा मिश्रा उम्र 43 वर्ष पति श्री धर्मेन्द्र मिश्रा निवासी अशोक नगर, पानी टंकी के पास, सरकंडा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा साहूकारी लायसेंस / नवीनीकरण के लिए आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 29/07/2026 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनाँक 14/07/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार क्रेता दीप्ती सोनल साव पति चेतन साहू निवासी मकान नंबर 517 वार्ड नंबर 65, सतबहनिया मंदिर के पास अरविंद नगर बंधवापारा सरण्कडा बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा भूमि स्वामी मैतूराम पिता छेदूराम जाति सतनामी निवासी ग्राम नंगोई (बैमा) तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 665/2 रकबा 0.2230 हे. (55 डिसमिल) भूमि को खरीदने का पक्का सौदा तय हुआ है तथा निकट भविष्य मे उपरोक्त खसरा रकबा की भूमि का पंजीयन क्रेता अपने पक्ष मे करा लेवेगा इस संबंध मे किसी भी व्यक्ति, संस्था शासकीय या अर्द्धशासकीय निकाय को कोई उजर आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे समस्त दस्तावेजो सहित उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर सकते है समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी।

सो सूचना जानें।

दिनांक- 20/07/2026

**भवदीय**
**मुकेश चंदेल (अधिवक्ता)**
**पता-हाउसिंग बोर्ड कालोनी**
**क्वार्टर नंबर एल.आई.जी.-59 बहतराई**
**तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-6266145008**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं रेवतीरमण सिंह उम्र 40 पिता का नाम बलदाऊ सिंह जाति कंवर निवासी ग्राम सेन्दरी पोस्ट जरेली तहसील व थाना पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. का निवासी हूँ। जो कि मेरे आधार कार्ड में नाम खेतीरमन (आधार क्रमांक 6847 3435 6858) नाम दर्ज है जो कि गलत नाम है मेरा सही एवं वास्तविक नाम परिचय पत्र और 10वी, 12वी अंकसूची के अनुसार रेवतीरमण सिंह नाम है। मेरे भविष्य में नाम रेवतीरमण सिंह के नाम से जाना पहचाना एवं संबोधन किया जावें। जिसके संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ।

अत: सूचना जानें

**आवेदक**
**रेवतीरमणसिंह**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी,**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

मा.क्र. अ-27/2025-26
ग्राम घुरू, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम घुरू प.ह.न. 61 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गौरी पहाड़ी पति स्व. विजय पहाड़ी निवासी वार्ड नंबर 16, कुदुदण्ड, पुराना मीना बाजार के पास बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर, छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम घुरू, प.ह.नं. 61 रा.नि.म. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 258/4, 295/9, 184/3, 183/5 रकबा क्रमशः 0.1700, 0.2710, 0.6280, 0.7890, हे. भूमि स्थित है, जो कि पैतृक संपत्ति है। यह कि आवेदिका के पति का निधन दिनांक 02.06.24 को हो गया है। यह कि आवेदिका के परिवार (ससुराल पक्ष) के सभी लोग आवेदिका को ससुराल के पैतृक संपत्ति से कुछ नहीं देना चाहते है। यह कि आवेदिका की आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब है और आवेदिका के पास आय का कोई साधन नहीं है। अत: उक्त भूमि पर आवेदिक पैतृक संपत्ति में बराबर बराबर बंटवारा दिलाये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 29/07/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार, सकरी

**न्यायालय तहसीलदार लोरमी,**
**जिला मुंगेली (छ0ग0)**
**// दैनिक समाचार पत्र मे ईश्तहार प्रकाशन हेतु //**

रा.प्र.क./अ-6/2025-26
ग्राम रहंगी प.ह.न. 14, तहसील लोरमी
दिनांक 13.07.2026

पक्षकार :- आवेदक कृष्ण कुमार साहू आ. नर्मदा विरुद्ध अनावेदकगण राधे आ. जुगुतराम, नर्मदा आ. जुगुतराम, ओमप्रकाश आ. शंकर, हरिराम आ. शकर, सुकृता आ. शंकर, रूखमणी आ. शंकर, चितरेखा आ. शंकर, पूर्णिमा आ. शकर, उमा बाई पति शंकर जाति साहू सभी निवासी ग्राम रहंगी, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम रहंगी को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार साहू आ. नर्मदा जाति साहू निवासी ग्राम रहंगी, तहसील लोरमी, जिला- मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा ग्राम रहंगी प.ह.न. 14 तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 99/5 में से रकबा 0.2710 हे. एवं खसरा नं. 203 में से रकबा 0.045 हे. भूमि को पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 09.12.2024 के आधार पर अपने नाम करनें आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अत: जिस किसी व्यक्ति को / संस्था को किसी प्रकार की दावा / आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 22.07.2026 को सुबह 11.00 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 13.07.2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार लोरमी,**
**जिला मुंगेली (छ0ग0)**
**// दैनिक समाचार पत्र मे ईश्तहार प्रकाशन हेतु //**

रा.प्र.क./अ-6/2025-26
ग्राम बांधी प.ह.न. 13, तहसील लोरमी
दिनांक 13.07.2026

पक्षकार - आवेदक कृष्ण कुमार साहू आ. नर्मदा विरूद्ध अनावेदकगण राधे आ. जुगुतराम, नर्मदा आ. जुगुतराम, ओमप्रकाश आ. शंकर, हरिराम आ. शकर, सुकृता आ. शंकर, रूखमणी आ. शंकर, चितरेखा आ. शंकर, पूर्णिमा आ. शकर, उमा बाई पति शंकर जाति साहू सभी निवासी ग्राम रहंगी, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम बांधी को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार साहू आ. नर्मदा जाति साहू निवासी ग्राम रहंगी, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ0ग0) के द्वारा ग्राम बांधी प.ह.न. 13 तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ0ग0) स्थित भूमि खसरा नं. 365 रकबा 1.5260 हे. में से 0.3810 हे. भूमि को पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 09.12.2024 के आधार पर अपने नाम करनें आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अत: जिस किसी व्यक्ति को/संस्था को किसी प्रकार की दावा / आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 22.07.2026 को सुबह 11.00 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 13.07.2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी,**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

मा.क्र. अ-6 / 2025-26,
ग्राम हांफा, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम हाफा, प.ह.न. 44 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौरव मदने पिता नीलेश मदने उम्र 30 वर्ष जाति खटिक निवासी खपरगंज बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा लेख किया गया है कि कि ग्राम हांफा प.ह.नं. 44 रा.नि.मं. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 1129/4 रकबा 0.0420 हे. भूमि अनावेदकगण के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में संयुक्त रूप से दर्ज है। यह कि उक्त भूमि को आवेदक गौरव मदने पिता नीलेश मदने एवं आवेदक के बड़े भाई सौरभ मदने पिता नीलेश मदने के द्वारा अनावेदकगण के पिता/पति से पंजीकृत बैनामा जरिये दिनांक 09.01.2020 को क्रय किया गया है। यह कि वर्तमान में अनावेदकगण के पिता/पति देवेन्द्र पिता प्रेम सिंह लोनिया की मृत्यु हो गयी है तत्पश्चात उक्त भूमि का फौती नामांतरण दर्ज हुआ है। यह कि उक्त क्रय की गई भूमि पर अनावेदकगण/विक्रेता का स्वामित्व समाप्त होकर आवेदक एवं आवेदक के बड़े भाई को प्राप्त हो गया है जिस पर आवेदक एवं उनके बड़े भाई का काबिज है। अत: यह कि उक्त आवेदित भूमि को खरीदी हक के आधार पर आवेदकगण के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 31/07/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 15/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सकरी**

**समक्ष नोटरी महोदय तखतपुर**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ-पत्र**

मैं शपथकर्ता महेश साहू उम्र 47 वर्ष पिता दुखीराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम वार्ड क्र. 05 कुंदरापारा तिफरा बिलासपुर छ.ग. का हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि मेरे मेरे नाम पर जारी आधार कार्ड नं.3536 5880 9576 में मेरा नाम महेश साहू अंकित है।
3. यह कि मेरे स्कूली दस्तावेज एवं पर्ची बी-1 खसरा में मेरा मिट्ठू दर्ज है।
4. यह कि उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है किसी अन्य का नाम नहीं है अगर भविष्य में कोई दावा आपत्ति करता है तो संपूर्ण जवाबदारी मेरी होगी।
5. यह कि यह शपथपत्र मैं मिट्ठू एवं महेश साहू दोनों नाम मेरा ही होने के समर्थन में सत्यापित किया हूं।

**महेश साहू**
**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथपत्र की कंडिका 01 से 05 तक में लिखी बातें मेरी सर्वोत्तम ज्ञान व जानकारी में सत्य व सही है जिसे आज दिनांक 14/08/2024 को स्थान तखतपुर में अपना हस्ताक्षर/ अंगूठा कर सत्यापित किया।

**महेश साहू**
**शपथकर्ता**









## सिंघरी स्कूल के बाहर भरा बारिश का पानी, निजी मकान में संचालित की गई कक्षाएं

# स्कूल परिसर में भरा पानी, पढ़ाई ठप, बच्चों की छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर



विकासखंड बिल्हा के संकुल सिंघरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरवीडीह में लगातार बारिश के कारण स्कूल परिसर जलमग्न हो गया है। शुक्रवार से स्कूल के मैदान में भरा पानी अब तक नहीं निकला है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है। हालात ऐसे बने कि स्कूल की कक्षाएं अस्थायी रूप से एक निजी मकान के कमरों में संचालित करनी पड़ीं, लेकिन जगह की कमी के कारण कुछ घंटे बाद बच्चों की छुट्टी कर दी गई।

विद्यालय की प्रधान पाठिका कल्याणी गुप्ता ने बताया कि बारिश के दौरान हर वर्ष पूरे मैदान में पानी भर जाता है। इस समस्या की जानकारी पूर्व में कई बार ग्राम पंचायत को दी गई थी, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। इस बार अधिक बारिश के कारण पूरा स्कूल परिसर और बाहर की सड़क भी पानी से लबालब हो गई, जिससे बच्चों का स्कूल तक पहुंचना मुश्किल हो गया। उन्होंने बताया कि जब तक स्कूल परिसर से पानी की निकासी नहीं होती, तब तक नियमित रूप से कक्षाएं संचालित करना संभव नहीं है। बच्चों को आने-जाने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर, ग्रामपंचायत सरपंच मन्नू लाल कमलसेन ने बताया कि सोमवार सुबह प्रधान पाठिका से सूचना मिलने के बाद वे तत्काल स्कूल पहुंचे। निरीक्षण के दौरान खेत की ओर से स्कूल परिसर में आ रहे पानी को रोकने की व्यवस्था कराई गई। साथ ही मैदान में पानी निकासी के लिए गड्ढों में मुरूम डलवाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि एक-दो दिनों के भीतर मुरूम डालकर मैदान को समतल कर दिया जाएगा, जिससे जलभराव की समस्या दूर हो जाएगी।

## कचरे से पटा तालाब, घरों में घुस रहा पानी



**सेतगंगा/मुंगेली।** चातरखार से पोड़ी राष्ट्रीय मार्ग विगत 5-6 वर्ष पूर्व निर्माण किया गया है। सड़क के साथ-साथ कहीं-कहीं सघन ग्राम में नाली निर्माण भी किया गया है। ठेकेदार द्वारा द्वारा ग्राम पंचायत सेतगंगा के स्थाई बस स्टैंड में भानू देवांगन के फोटो कापी सेंटर के पास से तेंदुआ नाला तक आधा-अधूरा नाली निर्माण के कारण नाली का पानी तालाब में जा रहा है। तालाब पहले से घर और दुकान का कचरा, अपशिष्ट पदार्थ, जलकुंभी से पटा है जिससे निस्तार का गंदा पानी बस्ती में जा रहा है। आसपास में रहने वालों के घर में पानी भर गया है। स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाते हुए तालाब कचरे से पट चुका हैं, रहा कसर ठेकेदार और संबंधित अधिकारी पूरा कर रहे हैं। ठेकेदार के द्वारा आधा-अधूरा नाली निर्माण के कारण ग्रामवासी खामियाजा भुगत रहे हैं। तालाब का गंदा पानी रिटायर्ड फौजी मथुरा सोनी के घर में भर गया है। विगत दो दिन से पानी घर रमें लबालब भर गया है। इस संदर्भ में संबंधित अधिकारी को अवगत कराया गया था शिकायत के बाद संबंधित अधिकारी ग्राम पंचायत सेतगंगा सरपंच प्रतिनिधि पंच और संभ्रांत नागरिकों ने 19 जुलाई को लगभग सुबह 9 बजे मौके का मुआयना किया था, इसके बाद भी स्थिति आज पर्यंत यथावत है। तालाब का गंदा पानी बस्ती में निर्मित नाली निर्माण से बाहर जा रहा है जिसके चलते बस्ती में गंदा बदबू आ रहा है कोई भी लोग यह पूछने वाले नहीं हैं कि यह बदबू कहां से आ रहा है।



# मुख्य मार्गों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा

**मुंगेली।** सड़कों पर मवेशी घरों में सुरक्षित मवेशी मालिक, जिले में बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकना प्रशासन के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। पूर्व में हाईकोर्ट द्वारा भी इस मामले में संज्ञान लिया जा चुका है इसके बावजूद भी स्थिति जस की तस नजर आ रही है। नगर में दिनों दिन आवारा मवेशियों की संख्या सड़कों में बढ़ती जा रही है। पालिका अमला सहित ग्राम पंचायतों में आवारा मवेशियों पर लगाम कसने की पूरजोर कोशिशें जारी है किंतु इनकी संख्या पर लगाम कसने प्रशासन असफल नजर आ रहा है। देर रात मवेशियों के सड़क किनारे या बीच सड़क में बैठने की वजह से ये दुर्घटना का शिकार होकर अपनी जान गवां रहे हैं। पालिका प्रशासन और पंचायतों द्वारा समय-समय पर काउ कैचर के माध्यम से सड़कों पर बैठी गायों को उठाया तो जाता है, किन्तु उन्हे किन जगहों पर जाकर फिर से छोड़ दिया जाता है जो काउकैचर गाड़ी अपनी निर्धारित जगह पर पहुंचने से पहले ही उनका जमावड़ा उठाए गए जगहों पर जमने लगता है।

### होगा समस्या का समाधान

कलेक्टर के निर्देश पर आवारा पशुओं पर कार्यवाही की जा रही है। पशुओं पर लगे टैग में सही जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाती है, जिससे परेशानी हो रही है। जल्द ही समस्या का निदान किया जाएगा।
**-होरी सिंह ठाकुर**, सीएमओ, नगर पालिका मुंगेली।

# दोहरे हत्याकांड के 8 आरोपियों को आजीवन कारावास



**सेतगंगा/मुंगेली।** फास्टरपुर थाना क्षेत्र के गिगतरा गांव में भूमि विवाद को लेकर हुए बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में जिला एवं सत्र न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए सभी आठ आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मरावी के न्यायालय ने सोमवार को निर्णय सुनाते हुए अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों को विश्वसनीय मानते हुए सभी आरोपियों को दोषसिद्ध ठहराया।

न्यायालय ने केजूराम पाटले, चित्रलेखा पाटले, मीनाक्षी पाटले, रजनी पाटले, रामबली पाटले, लाला उर्फ जागेंद्र कुर्रे, माखन पाटले एवं तोरण पाटले को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(3), 61(2)(क), 103(1) सहपठित धारा 190 (दो बार) तथा धारा 115(2) सहपठित धारा 190 (दो बार) के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन के अनुसार थाना फास्टरपुर के दर्ज यह घटना 25 अगस्त 2024 को दोपहर लगभग 2 बजे ग्राम गिगतरा में हुई थी। पारिवारिक भूमि विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। घटना के दौरान आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से हमला किया। अभियुक्तों ने ट्रैक्टर से भागबली पाटले को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं वकील पाटले की भी निर्मम हत्या कर दी गई। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर विस्तृत विवेचना पूरी करते हुए न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। न्यायालय ने पाया कि मृतक भागबली पाटले एवं वकील पाटले के निधन से उनके परिवारों के समक्ष भरण-पोषण की गंभीर समस्या उत्पन्न होने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए न्यायालय ने दोनों मृतकों की पत्नियों को जांच उपरांत पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के अंतर्गत पीड़ित क्षतिपूर्ति निधि से प्रतिकर राशि प्रदान किए जाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुंगेली को अनुशंसा की है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती, आवेदन 1 अगस्त तक

**मुंगेली।** एकीकृत बाल विकास परियोजना मुंगेली अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 सिपाही में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती हेतु आनलाइन आवेदन 1 अगस्त तक आमंत्रित किया गया है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। परियोजना अधिकारी ने बताया कि नियम एवं शर्तों सहित अधिक जानकारी के लिए कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना मुंगेली 2 के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

## फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 तक

**मुंगेली।** खरीफ वर्ष-2025 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत बीमा के लिए 31 जुलाई अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। उप संचालक कृषि ने बताया कि किसानों को 02 प्रतिशत प्रीमियम की राशि देना होगा। धान सिंचित के लिए 1320 रूपए, धान असिंचित के लिए 946 रूपए, सोयाबीन के लिए 902 रूपए, अरहर (तुअर) के लिए 770 रूपए, मक्का के लिए 792 रूपए, उड़द एवं मूंग के लिए 484 रूपए, मूंगफली के लिए 924 रूपए, कोदो के लिए 352 रूपए, कुटकी के लिए 374 रूपए एवं रागी के लिए 330 रूपए प्रति हेक्टयर कृषक अंशराशि निर्धारित है।

# सर्व यादव समाज के तहसील अध्यक्षों का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव



सर्व यादव समाज तहसील जरहागांव एवं लालपुर थाना इकाई के पदाधिकारियों का चुनाव शांतिपूर्ण एवं सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में यादव समाज के सदस्य एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

तहसील जरहागांव इकाई के अध्यक्ष पद पर जगदीश यादव, फुलवारी को सर्वसम्मति से चुना गया। वहीं सुभाष यादव, सेमरचुवा को उपाध्यक्ष, ललता यादव, जरहागांव को कोषाध्यक्ष तथा सोनू यादव, बरदुली को सचिव का दायित्व सौंपा गया। यह चुनाव परसादी यादव, खपरीकला एवं रामकुमार यादव, मुंगेली के पर्यवेक्षण तथा सतीश यादव, मोतिमपुर एवं रामरतन यादव ,दशरंगपुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला स्थायी मंत्री सदस्य धनीराम यादव, जिला उपाध्यक्ष मकराल यादव, विनय यादव, जिला सलाहकार मनहरण यादव, जिला मीडिया प्रभारी घनश्याम यादव, गीताराम यादव, सुभाष यादव, सुरेश यादव, विश्वनाथ यादव, मालिकराम यादव, संजय यादव, मुकेश यादव, रामप्रकाश यादव एवं ओमप्रकाश यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

इसी प्रकार लालपुर थाना इकाई के अध्यक्ष पद पर रवि यादव, गैंजी को सर्वसम्मति से चुना गया। वहीं पुनीत यादव, इंदलपुर को उपाध्यक्ष, कैलाश यादव ,हरनाचाका को सचिव तथा हेरम्य यादव, लछनपुर को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। लालपुर थाना इकाई का चुनाव जिला अध्यक्ष नरेशराम यादव, जिला महासचिव संगठन देवीशंकर यादव, जिला उपाध्यक्ष मकराल यादव तथा वरिष्ठ स्थायी आमंत्रित सदस्य धनीराम यादव की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में व्यवस्था प्रभारी अंकालू यादव, हरिश यादव, जिला उपाध्यक्ष दरबारी यादव, रामस्वरूप यादव, मनोज यादव, दुर्गेश यादव, पूनाराम यादव, कलेश यादव एवं दिनेश यादव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# सनाढ्य ब्राह्मण समाज में है एकता भाईचारे का संगमः घनश्यामाचार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

समाज में एकता और भाईचारा का संगम पूरे छत्तीसगढ़ में मुंगेली जिले के सनाढ्य ब्राह्मण समाज के लोगों में ही अधिक देखने को मिलता है। उक्त बातें जगतगुरु स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज ने सनाढ्य ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा पर्व एवं छात्र छात्राओं के प्रतिभा सम्मान समारोह पर आशीर्वचन में रूप में कही।

मानस भवन में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में स्वामी जी ने कहा कि जिले से वरिष्ठ विप्रजन, मातृ शक्तियों एवं सभी युवा साथियों की उपस्थिति में यह आयोजन सनाढ्य ब्राह्मण समाज की एकता और भाईचारा को निश्चित रूप से दर्शाता है। समाज के सभी आयोजन में सभी लोगों का बढ़ चढ़ के हिस्सा लेना सामाजिक एकता को दर्शाता हैं। इस आयोजन में समाज के स्व. बाबूलाल दुबे की स्मृति में उनके पुत्र डॉक्टर यशवंत दुबे एवं योगेश कुमार दुबे ने सभी विप्रजन को स्मृति चिह्न प्रदान किया। समाज की ओर से विभिन्न विप्रजन को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। समाज के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाशाली 78 व्यक्तियों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समाज की ओर से डाक्टर पं. दीनानाथ उपाध्याय ने स्वामीजी को माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अंत में महाआरती के बाद सभी सदस्यों को स्वल्पाहार एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर यशवंत दुबे, नरेंद्र कुमार दीक्षित एवं बुद्धेश्वर उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम के समापन में समाज के अध्यक्ष मनीष कुमार उपाध्याय ने इस आभार व्यक्त किया।

## छात्राओं को मिली साइकिलें, नियमित स्कूल आने और पढ़ाई जारी रखने की अपील



**सीपत।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीपत में सोमवार को शाला प्रवेशोत्सव एवं सरस्वती साइकिल वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि शिक्षा ऐसी पूंजी है, जिसे जितना बांटा जाए, वह उतनी ही बढ़ती जाती है। शिक्षा व्यक्ति के जीवन को नई दिशा देने के साथ ही समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत नींव तैयार करती है।

मस्तूरी जनपद अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी ने कहा कि विद्यार्थी प्रतिदिन स्कूल आएंगे, तभी उन्हें नई-नई चीजें सीखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव लाने और पढ़ाई के साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम को जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश सूर्या, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बांके बिहारी गुप्ता, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं सरिता यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री सतीश पाटनवार, नारायण साहू, एसएमडीसी सदस्य गीता देवी साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष बबीता पाटनवार, हिमांशु गुप्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष कृष्णा भट्ट एवं उपसरपंच प्रतिनिधि शशिकांत साहू सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल के डाक्टरों ने किशोरी को दिया नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



जिला चिकित्सालय में मरीजों को निरंतर बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी कड़ी में गंभीर अवस्था में भर्ती पंडरिया जिला कबीरधाम की किशोरी का जिला अस्पताल की आईसीयू टीम द्वारा विशेषज्ञ उपचार, सतत निगरानी एवं समर्पित प्रयासों से सफल उपचार कर उसे नया जीवन प्रदान किया गया। यह उपलब्धि जिला चिकित्सालय में उपलब्ध उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं, चिकित्सकों की दक्षता एवं टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण है।

इसी कड़ी में लगातार 16 दिनों तक चले गहन उपचार, सतत निगरानी और चिकित्सकीय दक्षता के बल पर गंभीर विषाक्तता से जूझ रही युवती को नया जीवन प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार किशोरी को अचेत अवस्था, गंभीर श्वसन कष्ट तथा मुंह से झाग आने की स्थिति में अस्पताल लाया गया था। परिजनों के अनुसार उसने लगभग 14 घंटे पूर्व किसी अज्ञात विष का सेवन किया था, जिसमें ऑर्गेनोफॉस्फोरस विषाक्तता की आशंका व्यक्त की गई। प्रारंभिक उपचार के बाद विभिन्न परिस्थितियों के चलते उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल मुंगेली लाया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि रोगी की नाजुक स्थिति को देखते हुए मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. विजेन्द्र पाटले के नेतृत्व में उसे तत्काल आईसीयू में भर्ती कर मैकेनिकल वेंटिलेशन पर रखा गया और जीवनरक्षक उपचार शुरू किया गया। वेंटिलेटर पर रहने के दौरान मरीज को वेंटिलेटर एसोसिएटेड निमोनिया हो गया, जिससे उपचार और अधिक जटिल हो गया।

मरीज को वेंटिलेटर से हटाने के कई प्रयास किए गए, लेकिन कमजोर चेतना, श्वसन संबंधी कठिनाइयों और श्वसन मार्ग की सफाई न कर पाने के कारण तीन बार पुनः इंट्यूबेशन करना पड़ा। इन कठिन परिस्थितियों के बावजूद आईसीयू की चिकित्सकीय टीम ने धैर्य, समर्पण और निरंतर प्रयासों के साथ उपचार जारी रखा। अंततः 16 दिनों के अथक प्रयासों के बाद किशोरी की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ और उसे सुरक्षित रूप से सामान्य वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया। इस उपचार में डॉ. रितु एवं डॉ. मणिलाल सहित आईसीयू के अन्य चिकित्सक, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टॉफ शामिल रहे।

## 6वीं में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन 31 तक

**मुंगेली।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु वेबसाइट के माध्यम से आनलाईन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि परीक्षा की तिथि 28 नवंबर 2026 दिन शनिवार निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी को जिले के निवासी होना चाहिए तथा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 5वीं में जिले के शासकीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालय में अध्ययनरत होना चाहिए। अभ्यर्थी का जन्म 01 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के मध्य होना चाहिए। आवेदन के लिए अभ्यर्थी का फोटो, हस्ताक्षर, अभिभावक का हस्ताक्षर, जाति, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के साथ उक्त वेबसाइट से आवेदन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो तथा वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।

## सल्का नवागांव में नए सत्र में बढ़ी छात्रों की संख्या

# प्रधानाचार्य के समर्पण से बदली स्कूल की तस्वीर



**बिलासपुर।** विकासखंड कोटा के अंतर्गत आने वाले वनांचल क्षेत्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सल्का नवागांव में एक अनुकरणीय बदलाव देखने को मिला है। जून 2025 में स्कूल की कमान संभालने वाली नवनियुक्त प्रधानाचार्य मीना देशमुख के प्रयासों और समर्पण भाव ने इस सुविधा विहीन स्कूल की कायाकल्प कर दी है, जिसका सीधा असर नए शैक्षणिक सत्र (2026-27) में छात्र-छात्राओं की संख्या में हुई रिकॉर्ड बढ़ोतरी के रूप में सामने आया है।

जब जून 2025 में मीना देशमुख ने इस संस्था में कार्यभार ग्रहण किया, तब स्कूल के हालात काफी चुनौतीपूर्ण थे। वनांचल क्षेत्र में स्थित होने के कारण स्कूल बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहा था और बच्चों की उपस्थिति व कुल संख्या काफी कम थी। ग्रामीणों में शिक्षा के प्रति अरुचि और जागरूकता की कमी एक बड़ी बाधा थी। इन परिस्थितियों से निराश होने के बजाय प्रधानाचार्य श्रीमती देशमुख ने एक नई कार्ययोजना पर काम शुरू किया। उन्होंने पारंपरिक पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों में रुचि जगाने के लिए 'संस्कार और नैतिक शिक्षा' को प्रार्थना सभा का अनिवार्य हिस्सा बनाया। इसके साथ ही, बच्चों को स्कूल की ओर आकर्षित करने के लिए खेलकूद गतिविधियों को विशेष बढ़ावा दिया गया। उन्होंने न सिर्फ स्कूल के भीतर बदलाव किए, बल्कि खुद ग्रामीणों और पालकों से संपर्क साधकर उन्हें शिक्षा का महत्व समझाया। बच्चों के प्रति उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार और स्कूल के सकारात्मक माहौल ने जल्द ही रंग दिखाना शुरू कर दिया।

### सत्र 2026-27 में दिखा असर, बढ़ी दर्ज संख्या

श्रीमती देशमुख के एक साल के भीतर किए गए इस निस्वार्थ और समर्पित प्रयास का परिणाम वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दाखिलों में साफ नजर आ रहा है। स्कूल में छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या में इस वर्ष उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। जो पालक पहले बच्चों को स्कूल भेजने में कतराते थे, वे अब खुद आगे आकर अपने बच्चों का दाखिला शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, सल्का नवागांव में करा रहे हैं। वनांचल के इस छोटे से स्कूल में आया यह बदलाव इस बात का जीवंत उदाहरण है कि यदि नेतृत्व करने वाले में इच्छाशक्ति और समर्पण हो, तो सीमित संसाधनों में भी शिक्षा के स्तर और बच्चों के भविष्य को संवारा जा सकता है।

## विश्व साइकिल दिवस पर मंजूलता ने बताए साइकिल चलाने के 7 फायदे



**दगोरी।** वर्ल्ड बाइसिकल डे पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में साइकिल चलाकर इसका मकसद आमजनों को साइकिल की अहमियत बताना। जिससे हमारा सेहत,पर्यावरण संरक्षण ,समाज के लिए फायदे को भी बताया गया। इस अवसर पर मेडिकल आफिसर डा मंजुलता वर्मा ने कहा है कि साइकिल का महत्व हर स्थिति में सर्वोत्तम है क्योंकि इससे हमारा सेहत सही रहती है। उन्होंने बताया कि साइकिल चलाने के सात फायदे होते हैं,जिसमें सेहत के लिए दिल मजबूत होता हैं। वजन कंट्रोल ,घुटने तथा जोड़ों में मजबूती आती है। इम्युनिटी बूस्ट सर्दी खांसी नहीं होती। दिमाग के लिए स्ट्रेस कम,फोकस बढ़ता है तथा नीद अच्छी आती है। पैसे की भी बचत होती है। इस अवसर पर ग्रामीण चिकित्सा सहायक शैलेंद्र श्रीवास्तव,स्टॉप नर्स कु प्रियंका लाशकर, प्रवीण दास, सुमित्रा मसीह, संगीता गेडाम, रवीना सोनवानी जितेंद्र बंधे राजकुमार ध्रुव, नीतू ध्रुव,राज निषाद,गोविद,बड़ी संख्या में बच्चे ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल में पार्षद को जान से मारने की धमकी

**बिलासपुर।** मोबाइल में पार्षद के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सकरी पुलिस के अनुसार, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद अमित भारते पिता बोधराम भारते 19 जुलाई को अपने आफिस में कर्मचारियों के साथ बैठकर काम कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात मोबाइल नम्बर से उन्हें फोन कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### जुआ खेलते पकड़े गए 9 जुआरी, 20 हजार जब्त



**बिलासपुर।** पुलिस ने जुआ खेलते 9 जुआरियों को पकड़कर 20 हजार 700 रुपए जब्त किया है। कोनी पुलिस को सूचना मिली बिरकोना टिकरीपारा हनुमान मंदिर के पास जुआ एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने मंदिर के पास घेराबंदी कर जुआ खेलते राकेश कुमार बच्च, ईश्वार बंजारे, रंजीत डिडौरे, बिकलेश्वर रायल, नीवन मान, अमित जायसवाल, अर्पित महिलांगे, समीर वर्मा, नेतराय बच्च को पकड़ लिया। उनके पास से 20 हजार 700 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** एक युवक ने लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सकरी टीआई उमेश साहू ने बताया, लाखासार निवासी विकास ध्रुव पिता घनाराम ध्रुव 20 साल ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं था। बहरहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### बाइक की टक्कर से छात्रा की मौत

**बिलासपुर।** स्कूल से लौटकर आटो से उतरने के बाद महिला पैसे दे रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसकी सात साल की बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल मासूम को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई। मस्तूरी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम कराया है। पुलिस ने हाईवे पर पर लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज लेकर दुर्घटनाकारित बाइक की तलाश कर रही है। मस्तूरी क्षेत्र के मोहतरा में रहने वाले पृथ्वीराज बंजारे रोजी मजदूरी करता है। फिलहाल वह कमाने खाने के लिए चिरमिरी में रह रह हैं। गांव में उनकी पत्नी सात साल की बेटियों के साथ रहती है। महिला अपनी सबसे छोटी बेटी आरोही को साथ लेकर उसके स्कूल मस्तूरी गई थी। स्कूल का काम कराने के बाद महिला अपने गांव लौट रही थी। गांव के पास स्टेट हाईवे पर आटो से उतरकर वह चालक को पैसे दे रही थी। उनकी सात साल की बेटी सड़क पर थी। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक चालक ने मासूम को टक्कर मार दी। इससे मासूम गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को परिजन तत्काल मस्तूरी स्थित अस्पताल लेकर गए। जहां से उसे बिलासपुर रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही मासूम की मौत हो गई थी। परिजन ने उसे मस्तूरी स्थित अस्पताल लाकर पुलिस को सूचना दी।

आबंटन के बाद भी आवास निगम की ही संपत्ति रहेगी, गाइडलाइन हुई जारी, 30 साल के लिए मिलेगा हितग्राहियों को

# घर पाने के लिए अब देना होगा 1.45 लाख रुपए का अंशदान, पहले था 75 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 (पीएमएवाई-यू 2.0) के स्लम पुनर्वास परियोजनाओं के तहत चयनित हितग्राहियों को अब 1.45 लाख रुपए अंशदान देना होगा। केंद्र सरकार दिशा-निर्देश पर राशि तय की गई। पहले यह राशि 75 हजार रुपए थी, जिसमें बढ़ोतरी की गई है। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, बीरगांव, धमतरी और रिसाली नगर निगमों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

- पीएमएवाई 2.0 के तहत स्लम पुनर्वास आवास योजना में हुई शुल्क बढ़ोतरी

गाइडलाइन के मुताबिक केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी) माडल-एक की स्लम पुनर्वास परियोजनाओं के तहत चयनित हितग्राहियों का पहले सत्यापन किया जाएगा और उन्हें यूनिफाइड वेब पोर्टल



(यूडब्ल्यूपी) पर संबंधित परियोजनाओं से जोड़ा जाएगा। गौरतलब है कि स्लम पुनर्वास परियोजनाओं उद्देश्य मलिन बस्तियों (झुग्गी-झोपड़ियों) में रहने वाले परिवारों को सुरक्षित, पक्के और स्थायी मकान उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। इसके तहत जहां झुग्गी, वहीं मकान नीति के अंतर्गत उसी स्थान (इन-सीटू) या पास की जगह पर आधुनिक फ्लैटों का निर्माण किया जाता है।

### आवास आवंटन की कुछ मुख्य शर्तें

- आवंटित आवास नगर निगम की संपत्ति होगी, हितग्राहियों को 30 वर्षों के लिए दिया जाएगा
- आवास का विक्रय, पट्टे, किराए, दान या अन्य को हस्तांक्षणरण करने का हितग्राही को नहीं रहेगा अधिकार
- किसी भी उद्देश्य के लिए बैंक से ऋण लेने के लिए आवास को बंधक रखने का अधिकार
- आवंटित आवास को छोड़ने से 30 दिनों पहले निगम को देनी होगी जानकारी, नहीं तो आबंटन स्वमेव हो जाएग रद्द
- आवास में कोई भी स्थायी व अस्थायी निर्माण या विस्तार करना प्रतिबंधित, उलंघन करने पर पट्टा होगा निरस्त
- हितग्राही को बिजली व जल शुल्क का करना होगा भुगतान, आवास का निर्धारित सभी कर प्रतिवर्ष करना होगा जमा
- किसी भी प्रकार के विवाद पर नगर निगम के आयुक्त का निर्णय अंतिम व मान्य होगा

### प्रोजेक्ट कास्ट में एक लाख की बढ़ोतरी

अधिकारियों के मुताबिक केंद्र सरकार ने आवास को पूरा करने में आने वाले कुल खर्च (प्रोजेक्ट कास्ट) में एक लाख की बढ़ोतरी की है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी में प्रोजेक्ट कास्ट 4.75 लाख रुपए निर्धारित था, जो अब बढ़कर 5.75 लाख रुपए हो गया है। केंद्र सरकार ने हितग्राहियों का अंशदान प्रोजेक्ट कास्ट का कम से कम 25 प्रतिशत तय करने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले यह राशि निर्धारित नहीं थी, इसलिए राज्य सरकार की ओर से स्वेच्छानुसार 75 हजार रुपए निर्धारित की गई थी।

### हितग्राहियों का होगा सत्यापन

गाइडलाइन के मुताबिक केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत भागीदारी में किफायती आवास माडल-एक की स्लम पुनर्वास परियोजनाओं के तहत चयनित हितग्राहियों का पहले सत्यापन किया जाएगा और उन्हें यूनिफाइड वेब पोर्टल (यूडब्ल्यूपी) पर संबंधित परियोजनाओं से जोड़ा जाएगा। चयनित हितग्राहियों को अब 1.45 लाख रुपए अंशदान देना होगा।

**- प्रकाश कुमार सर्वे,** निगम आयुक्त

इनकी मरम्मत पर ही खर्च हो रहे सालाना साढ़े तीन करोड़

# सफेद हाथी साबित हो रहे दोमुहानी चिल्हाटी स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दोमुहानी-चिल्हाटी में स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के रखरखाव पर सालाना लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जबकि पूरे शहर की सीवरेज परियोजना 18 साल से अधूरी है। जाहिर है सफेद हाथी साबित हो रहे दोनों ट्रीटमेंट प्लांट की उपयोगिता किसी को पता नहीं। दरअसल शहर में साल 2008 में केंद्र सरकार की फंडिंग से 422 करोड़ की सीवरेज परियोजना शुरू की गई थी, जिसके दो जोन का क्रमशः 2013 एवं 2018 में लोकार्पण हो चुके हैं। योजना के अंतर्गत चिल्हाटी में 17 एमएलडी तथा दोमुंहानी में 54 एमएलडी के एसटीपी की स्थापना की गई है। विडंबना है कि प्रोजेक्ट के संचालन के 8 साल बाद भी एसटीपी की पूरी क्षमता का उपयोग नहीं हो पा रहा है। उक्त संयंत्रों से क्रमशः 1.5 एमएलडी और 2.5 एमएलडी ही दूषित जल का उपचार किया जा रहा है। यह संयंत्र की उपचार क्षमता की तुलना में अत्यंत कम है। सीवरेज प्रोजेक्ट अधूरा होने के कारण यूजर चार्जेस की वसूली भी नहीं हो पा रही है।

- प्रोजेक्ट के संचालन के 8 साल बाद भी एसटीपी की पूरी क्षमता का उपयोग नहीं हो रहा

देखा जाए तो 18 साल बाद भी सीवरेज प्रोजेक्ट अधूरा है लेकिन नगर निगम करोड़ों रुपए मेंटेनेंस और कंसल्टेंसी के नाम पर खर्च कर रहा है। स्थिति यह है कि न तो मुख्य ट्रंक लाइनें तैयार हुई हैं, न ही सीवरेज नेटवर्क पूरी तरह चालू हुआ है। बावजूद इसके एसटीपी व एसपीएस के संचालन व रखरखाव पर हर साल करोड़ों रुपए की राशि खर्च की जा रही है। निगम के मुताबिक ही कुल 4 एसपीएस बने हैं इसमें 3 ही संचालित है।






### यह है प्रोजेक्ट में पूरी समस्या

प्रोजेक्ट के अंतर्गत पिछले 18 वर्षों में शहर में 232 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई गई, परंतु केवल 1 किलो मीटर पाइप लाइन की हाइड्रोलिक टेस्टिंग की गई। प्रोजेक्ट की क्षमता 40 हजार कनेक्शन की है, परंतु अब तक 4400 कनेक्शन देने का दावा किया गया है। सरकंडा क्षेत्र में नेटवर्क संबंधी समस्या के चलते निकासी ठप होने पर 2800 घरों के कनेक्शन निकाल दिए गए। आरोप है कि पाइप लाइन बिछाने के बाद शहर में सड़कों के सुधार, डामरीकरण एवं अन्य निर्माण के दौरान मेनहोल, पाइप लाइनें दब गईं। जोन 1 (ए) के अंतर्गत जवाली नाला, मंगला और शांतिनगर का पंपिंग स्टेशन अधूरा होने के कारण घरों के कनेक्शन नहीं दिए जा सके हैं। वहीं 23 हजार प्रापर्टी चैंबर का काम अधूरा है। सीवरेज का नेटवर्क नहीं होने के कारण कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं।

### ट्रीटमेंट प्लांटों का 10 सालों से सिर्फ मेंटेनेंस

गंदे पानी की सफाई के लिए 64 करोड़ रुपए में बनाए गए दो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। प्लांटों के मेंटेनेंस पर भी पिछले 10 सालों से सालाना साढ़े तीन करोड़ रुपए निगम को खर्च करना पड़ रहा है। अधिकारी भी मान रहे हैं कि क्षमता के मुताबिक कम गंदा पानी ही पहुंच पा रहा है, जिसकी सफाई हो रही है। दावे किए गए थे कि प्लांट में पहुंचने वाले गंदे पानी की सफाई 12 मिनट के अंदर होगी। प्रत्येक 12 मिनट में 14400 क्यूबिक मीटर पानी की सफाई होनी तय है और अगले 28 मिनट में यह पानी रिटर्न स्लूज पंप में चला जाता है, जहां से पानी और मल को अलग अलग जगहों पर छोड़ा जाता है। फिलहाल तो आधा काम भी नहीं हो रहा है।

### प्लांट में पाउच और कचरा खाद का पता नहीं

फिलहाल हाल यह है कि चिल्हाटी प्लांट में सीवर से पहुंचने वाला कचरे और दूषित जल को अलग-अलग करने के लिए दो यूनिट हैं। कचरे को रिसाइकिल करने के बाद उससे खाद बनाने और दूषित जल को उपचारित करने के बाद उसे नदी में छोड़ने का प्लान है। प्लांट में लगी मशीनों में सिर्फ नालियों में बहने वाले कैरीबैग, सिंगल यूज प्लास्टिक, गुटखा की प्लास्टिक ही निकल रही है। खाद नहीं बन रहे हैं। यहां के जिन स्टाफ को पानी को फिल्टर करने के बाद नदी में छोड़ने का काम दिया गया है उन्हें यह भी जानकारी नहीं कि प्लांट में पानी कहां से आता है।

### दूर की जाएंगी कमियां

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का जल्द ही निरीक्षण किया जाएगा। जो भी कमियां होगी उसे दूर करते हुए प्रोजेक्ट को जल्द ही पूरा करने की कोशिश की जाएगी।

**- प्रकाश कुमार सर्वे**
निगम आयुक्त

# दो डॉक्टरों की नियुक्ति फिर भी इलाज नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की हालत बेहद खराब है। चिंगराजपारा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 2 डॉक्टरों की नियुक्ति है, लेकिन यहां मरीजों को इलाज तक नहीं मिल रहा है। दरअसल स्वास्थ्य विभाग द्वारा रखे गए कर्मचारी समय पर अस्पताल नहीं खोल रहे है और डॉक्टर की ड्यूटी अस्पताल को छोड़ अन्य जगहों पर लगाई जाती है, जिससे हर बार मरीजों को भटकना पड़ रहा है।

- समय पर नहीं खुलता अस्पताल

सोमवार की सुबह चिंगराजपारा और सरकंडा क्षेत्र के कई मरीज चिंगराजपारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। इस दौरान सुबह 10 बजे अस्पताल बंद मिला। आसपास के लोगों से पुछताछ करने पर जानकारी मिली कि यह अस्पताल हफ्ते में 2-3 दिन ही खुलता है, वहीं यहां पर कर्मचारी और डॉक्टर अपनी मनमर्जी से ड्यूटी करते हैं। जिसके चलते मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल रहा है। यह हालत तब है जिस मानसून का सीजन है और हर घर में मरीज हैं, लेकिन डॉक्टरों की लापरवाही चरम पर पहुंच की है। स्टाफ होने के बाद भी अस्पताल नहीं खोला जाता है। अटल आवास निवासी भीखू यादव ने बताया कि डॉक्टर नहीं रहते हैं, एक फार्मासिस्ट अस्पताल में आता है, लेकिन वह सर्दी खांसी की ही दवा देता। इस दौरान डॉक्टर के नहीं आने के कारण लोगों को मोह भंग होने लगा है। वहीं रजनी गुप्ता ने बताया कि महीनें में एक या दो बार ही डॉक्टर को देखा जाता है, उन्होंने कहा कि निजी प्रैक्टिस में डाक्टर व्यस्त रहते हैं, जिसके चलते सरकारी अस्पताल ऐसे ही चल रहा है। बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन किया जाता है, यहां नियमित और बॉड के डॉक्टरों की पदस्थापना है, वहीं स्टाफ नर्स, फार्मसिस्ट भी है लेकिन कर्मचारी के नदारद रहने के कारण लोगों का इलाज नहीं हो रहा है।

### डॉक्टर की ड्यूटी जिला अस्पताल में लगती है

हाल ही में एक आरएचओ को पदस्थ किया गया है, स्टाफ नर्स की भर्ती होने पर यहां भेजा जाएगा। डॉक्टर की ड्यूटी जिला अस्पताल से लगती है। इस बारे में उनसे ही पूछा जा सकता है।

**-डॉ शुभा गरेवाल**
सीएमएचओ

### जानकारी ली जाएगी

चिंगराजपारा में 2 डाक्टर हैं, अस्पताल समय पर नहीं खुलने की जानकारी नहीं है। अगर उनकी ड्यूटी कहीं ओर लगाई गई है तो कार्यालय में इसकी जानकारी मिलेगी।

**-डॉ प्रतीक प्रधान**
आरएमओ, जिला अस्पताल

### जनदर्शन में पहुंची थी शिकायत

जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डाक्टर नहीं रहने और समय पर इलाज नहीं मिलने की शिकायत कलेक्टर से भी गई है, लेकिन अधिकारी व कर्मचारियों पर इसका असर नहीं हो सका है। यही कारण है कि अस्पताल नहीं खुलता है। वहीं जिला अस्पताल के डाक्टरों का कहना है कि कई बार वीवीआईपी ड्यूटी, जिला अस्पताल की ओपीडी और अन्य कार्य के लिए उनकी ड्यूटी अन्यत्र लगाई जाती है लेकिन कर्मचारियों को वहां सुबह 9 से 2 बजे तक ड्यूटी देनी है। सवाल यह उठ रहा है कि जब डाक्टर ही नहीं रहते है, तो इस दौरान कर्मचारी कैसे अपनी जिम्मेदारी निभा पाएंगे।

## फर्जी सर्पदंश मामले में सिम्स चौकी के दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फर्जी सर्पदंश मामले में सिम्स चौकी के दो पुलिस कर्मी को गिरफ्तार किया गया है। ये दो पुलिसकर्मी सिम्स पुलिस चौकी में घटना के दरम्यान और बाद में पदस्थ रहे हैं। इसमें रामकुमार पाटनवार पिता स्व. देवनारायण पाटनवार उम 40 वर्ष निवासी बंधवा पारा सरकंडा, रामेश्वर भास्कर पिता स्वर्गीय अंजोर दास भास्कर उम्र 53 वर्ष निवासी सतनाम नगर अमेरी शामिल हैं।

ये हीरा खांडे के पूरे आपराधिक गिरोह में शामिल थे। इनका काम यह था की जब भी कोई डेड बाडी सिम्स आती, उस समय तत्काल खांडे गिरोह के सदस्य महेन्द्र मनहर को सूचित करते थे कि एक शव आया है इनके परिजन आए हैं इनको मिलकर समझा दो फिर मनहर हॉस्पिटल पहुंचकर मृतक के परिवार वालों को रुपए और मुआवजे का लालच देकर उन्हें सर्पदंश की बात बताने के लिए तैयार कर लेता था। भले ही व्यक्ति की मौत अन्य किसी कारण से हुई हो। इस आपराधिक लालच में आकर मृतक के परिवार वाले शासन के आपदा कोष से दी जाने वाली आपदा राशि का कुछ हिस्सा पाकर इस गिरोह के कारनामे में ख़ुद शामिल हो जाते थे।

इन पुलिस कर्मचारियों को उनके इस सूचना देने के एवज में और मृतक के परिवार वालों को तैयार करने में सहयोग करने के आधार पर गिरफ्तारी की गई है जिन्हें कल न्यायालय में रिमांड पर लेकर पूछताछ किया जाएगा।

## मामूली विवाद में दो गुटों के बीच जमकर चला चाकू, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात सिरगिट्टी क्षेत्र में मामूली विवाद में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई और चाकू चला। चाकू के हमले से 3 लोग घायल हो गए हैं। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।


घायल।

सिरगिट्टी टीआई वायपी सिंह ने बताया, उत्तर प्रदेश निवासी आकिब खान 19 जुलाई को अपनी पत्नी को लेने के लिए ससुराल चुचुहियापारा आए थे। रात 11 बजे खाना खाकर वे अपने साले अयान खान के साथ घर के पास टहल रहे थे।

इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाला मोहम्मद समीर उर्फ बकरा मुंडी आटो को तेज गति से चलाकर उनके पास लाया और दूर जाकर दोनों को घूरकर देखने लगा। दोनों ने उसे घूरकर देखने से मना किया तो समीर ने अपने साथियों को बुलाकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे जीजा साला गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष ने भी आटो चालक मोहम्मद समीर उर्फ बकरा मुंडी के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला किया है।

चाकू के हमले से अयान खान व समीर उर्फ बकरा मुंडी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने आकिब खान की रिपोर्ट पर हमलावर समीर उर्फ बकरा मुंडी एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 118, 1, 296, 3, 5, 351, 3 व हसीना बेगम की रिपोर्ट पर हमलावर आकिब खान, अयान खान ए के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 118, 1, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

### अंशकालिक एजुकेटर भर्ती, आवेदन 27 तक

**बिलासपुर।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिले के 6 पीएमश्री विद्यालयों में अंशकालिक स्पशेल एजुकेटर की भर्ती के लिए 27 जुलाई तक आवेदन मंगाए गए हैं। यह भर्ती 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिए होगी एवं उन्हें प्रतिमाह 20 हजार रुपए मानदेय प्रदान किया जाएगा। प्राथमिक स्तर विद्यालय के लिए विशेष शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिए विशेष शिक्षा में बीएड की डिग्री अनिवार्य है।

## केंद्रीय जेल में फिर हुई एक कैदी की मौत

**बिलासपुर।** एक बार फिर केंद्रीय जेल में एक कैदी की मौत हो गई है। एक माह के भीतर एक हत्या व तीन कैदी की मौत से सनसनी फैल गई है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, पचपेड़ी विद्याडीह टांगर निवासी प्रभु कुमार मनहर पिता रामकुमार मनहर 31 साल वर्ष 2024 से केंद्रीय जेल में बंद था और उसे पाक्सो एक्ट के मामले में 20 साल की सजा हुई थी। 15 जुलाई को सीने में दर्द होने पर जेल अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। 20 जुलाई को अचानक अत्याधिक तबियत खराब होने पर उसे इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। ज्ञात हो कि 23 जून 2026 को जेल में विचारधीर बंदी नीलू जगत 27 साल की सीमेंट का स्लैब से हमलाकर हत्या कर दी गई थी। उसके बाद लगातार दो अन्य कैदियों की गिरकर घायल होने से मौत हुई है। लगातार जेल के अंदर कैदियों की मौत होने से शहर में सनसनी फैल गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर, 10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411